वर्ष : 33 ▸ अंक : 319 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, मंगलवार, 04 फरवरी 2025 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य 5 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

**59954.75** करोड़ का बजट पिछले साल किया गया था पेश

# आज आएगा BMC का मेगा बजट



## इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट पर फोकस

बीएमसी ने मुंबई में करीब 2 लाख करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट की घोषणा की है। बीएमसी कमिश्नर ने एनबीटी से कहा कि बीएमसी के 2025-26 के बजट में गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड, सड़कों की मरम्मत, सड़कों को जल्द से जल्द सीमेंटेड करना, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट, पानी आपूर्ति के लिए बन रही टनल का काम पूरा करना, कोस्टल रोड को दहिसर तक विस्तार देना, शिक्षा का स्तर बढ़ाने, मैदानों एवं गॉर्डन की स्थिति सुधारने पर बजट में विशेष प्रावधान होने की उम्मीद है। साथ ही पानी की पाइपलाइनों की मरम्मत, पुलों की मरम्मत, सीवरेज को बेहतर बनाने के लिए भी घोषणा होने की उम्मीद है। हॉस्पिटल में बेहतर सुविधा, दवाखाने का विस्तार, टेस्टिंग के लैब बढ़ाने के साथ अस्पतालों के विस्तार एवं आधुनिकीकरण पर बजट में गगरानी कई पहल कर सकते हैं।



### कमिश्नर भूषण गगरानी पेश करेंगे बजट | चुनावी साल में मुंबईकरों को खुश करने की चुनौती

**अमित बृज ◆ मुंबई**

देश की सबसे अमीर महानगरपालिका बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) 2025-26 का बजट 4 फरवरी को सुबह 11 बजे बीएमसी मुख्यालय के हॉल में पेश किया जाएगा। बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए बीएमसी का बजट पेश करेंगे। बजट में इंफ्रा, सड़क, हेल्थ और पर्यावरण पर विशेष जोर देने की उम्मीद है। इस बार का बजट 65 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। चुनावी साल को देखते हुए किसी तरह के नए कर का बोझ मुंबईकरों पर डालने की संभावना कम है।

### 2025-26 में 65,000 करोड़ तक पहुंच सकता बीएमसी का बजट

बजट पेश होने के बाद बीएमसी आयुक्त भूषण गगरानी नगर दोपहर एक बजे मीडिया को बजट से जुड़ी जानकारी देंगे। 2025-26 में बीएमसी का बजट 65,000 करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। बीएमसी का साल 2024-25 के लिए 59954 .75 करोड़ रुपये का बजट तत्कालिन बीएमसी आयुक्त इकबाल सिंह चहल ने पेश किया था। लोकसभा चुनाव से पहले चहल को हटाए कर भूषण गगरानी को बीएमसी कमिश्नर बनाया गया। भूषण गगरानी 2025-26 का बजट पेश करेंगे। 2023-24 के लिए 52619 .07 करोड़ रुपये का बजट पेश किया गया था, जो 2022-2023 के वित्तीय वर्ष से 14 .5 प्रतिशत अधिक था।

**कोई अतिरिक्त टैक्स का बोझ डालने की संभावना नहीं :** इस साल बीएमसी चुनाव होने की उम्मीद है जिसको देखते हुए माना जा रहा है कि इस बार के बजट में बीएमसी मुंबईकरों के ऊपर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं डालने वाली है। कोरोना संकट के बाद बीएमसी ने मुंबईकरों पर कोई नया टैक्स नहीं लगाया है। जबकि मुंबई में 500 वर्ग फुट तक के घरों का प्रॉपर्टी टैक्स माफ़ कर दिया गया है, जिससे बीएमसी को हर साल 4500 करोड़ रुपये का घाटा हो रहा है। गगरानी के सामने सबसे बड़ी चुनौती बीएमसी की तिजोरी में अतिरिक्त धन जमा करने की है। क्योंकि रुके हुए प्रोजेक्ट पूरा करने के लिए बीएमसी को फिक्स डिपॉजिट से पैसा निकालना पड़ रहा है। 2022 में बीएमसी का फिक्स्ड डिपॉजिट 91,690 करोड़ रुपये था, जो 2023 में लगभग 5000 करोड़ रुपये घटकर 86410 करोड़ और 2024 में घटकर 80 हजार करोड़ रुपये रह गया गया है। बीएमसी ने मुंबई में करीब 2 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं की घोषणा की है। जिनको समय पर पूरा करने के लिए बीएमसी धन कहां से जुटाने वाली है यह बजट में देखने को मिलेगा। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने कहा कि कई बड़ी परियोजनाओं के लिए बजटीय आवंटन से राज्य के बुनियादी ढांचे को बढ़ावा मिला है क्योंकि मुंबई को 3,500 करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं। केंद्रीय बजट 2025 में मुंबई शहरी परिवहन परियोजना-3 के लिए 1,465 करोड़ रुपये और मुंबई मेट्रो परियोजना के लिए 1,673 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

**कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़ने की उम्मीद:** बीएमसी अपने बजट का एक बड़ा हिस्सा विकास योजनाओं पर खर्च करती है। इसका प्रावधान बजट में किया जाता है। पिछले 8 सालों में बीएमसी के बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर बढ़कर सात गुना से अधिक हो गया है। 2017- 18 के बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर बजट का 25% था, जो 2024-25 के बजट में बढ़कर लगभग 53% हो गया था। कई प्रोजेक्ट को बढ़ावा देने के लिए इस साल के भी बजट में भी कैपिटल एक्सपेंडिचर में 5 से 10% तक बढ़ोतरी होने की उम्मीद जताई जा रही है, क्योंकि बीएमसी ने बड़े पैमाने पर प्रोजेक्ट के लिए वर्क ऑर्डर जारी किया है।

### परियोजनाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान की उम्मीद

मुंबई में विभिन्न महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए पर्याप्त प्रावधान की उम्मीद की जा रही है, जिनमें सड़कों की सीमेंट कंक्रीटिंग, दहिसर तक तटीय सड़क का विस्तार, गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड, सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना, नई स्वास्थ्य सुविधाओं का निर्माण, शहर और उपनगरीय मैदानों व पार्कों का सौंदर्यीकरण, और प्रदूषण नियंत्रण के लिए विशेष योजनाओं का समावेश शामिल है। इन योजनाओं के लिए पर्याप्त बजट आवंटित होने से मुंबई की अवसंरचना में सुधार की उम्मीद जताई जा रही है।

**न्यूज़ ब्रीफ**

### संजय शिरसाट ने लिया यू-टर्न, पार्टी ने लगाई फटकार

**मुंबई।** पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे व उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को फिर से साथ लाने तथा दोनों शिवसेना को जोड़ने की इच्छा व्यक्त करनेवाले महायुति सरकार के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने अपने बयान के महज चार दिन बाद यू टर्न ले लिया है। संजय शिरसाट ने अब कहा कि कि उद्धव और शिंदे अब साथ नहीं आ सकते हैं। क्योंकि उद्धव और उनकी शिवसेना ने कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को अपना लिया है। उनका हिंदुत्व से रिश्ता बचा कहां है? मंत्री शिरसाट ने हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान कहा थी कि अब दोनों शिवसेना को जोड़ने का समय आ गया है। उन्होंने कहा था कि शिवसेना के टूटने से वे बहुत ही व्यथित हैं और यदि मौका मिलेगा तो वह उद्धव ठाकरे की शिवसेना और एकनाथ शिंदे की शिवसेना को एक साथ लाने का प्रयास करेंगे।

### डीबी पाटिल के नाम पर रखा जाएगा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम

**नवी मुंबई।** नवी मुंबई के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम परियोजना प्रभावितों के नेता दिवंगत डीबी पाटिल के नाम पर रखा जाएगा। महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाइक ने सोमवार को वाशी में एक जनता दरबार के दौरान यह जानकारी दी। जनता दरबार के दौरान डीबी पाटिल के बेटे अतुल पाटिल ने नाइक से मुलाकात की और नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का नाम अपने पिता के नाम पर रखने की आग्रह किया। नाइक ने इस पर सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि एक बार हवाई अड्डे का वाणिज्यिक संचालन शुरू हो जाने के बाद इसका आधिकारिक नाम डीबी पाटिल पर रखा जाएगा।

### लागू हुई एफआरएस तकनीक से सुरक्षा होगी चाक चौबंद

**मुंबई।** मंत्रालय में प्रवेश के लिए लागू की गई फेस डिटेक्शन पर आधारित एफ.आर.एस (फेशियल रिकॉग्निशन सिस्टम) तकनीक के कारण मंत्रालय की सुरक्षा में वृद्धि होने के साथ-साथ शासकीय कार्यों में अधिक पारदर्शिता और गति आएगी। इसके तहत सभी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधियों ने इस प्रणाली के लिए आवश्यक पंजीकरण कराना शुरू कर दिया है।

# मुंबई लोकल: अब सफर होगा और भी सुहाना

### ▸▸ गतिवृद्धि और वेनटीलेशन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ▸▸ प्रत्येक 2 मिनट पर एक ट्रेन चलाने की तैयारी

**धीरज सिंह ◆ मुंबई**

अब जल्द ही मुंबई लोकल ट्रेन से सफर करने वाले यात्रियों का सफर सुहाना होगा। नई डिजाइन की ट्रेन आएगी। जिसके तहत अंदरूनी हिस्सों में बेहतर ऑक्सीजन सामग्री और बेहतर गति पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने सोमवार को बजट में आवंटित रेल विभाग को दी गई राशि और परियोजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए यह बात कहीं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इस बार बजट में रेल विभाग को 4 लाख 60 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। जिसमें से महाराष्ट्र को 23,778 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। जो की वर्ष 2009-2014 की सरकार की तुलना में 20 गुना अधिक हैं। महाराष्ट्र सरकार, केंद्र और आरबीआई के साथ किए गए थ्री पार्ट एग्रीमेंट के कारण राज्य में रेलवे कार्यों की विकास गति तेज है। मुंबई में फिलहाल 3000 लोकल सेवाएं (पश्चिम और मध्य रेलवे) चल रही हैं। अगले 5 वर्ष के दौरान तकरीब 300 नई लोकल ट्रेनें (238 एसी ट्रेनें शामिल हो सकती हैं) बढ़ाई जाएगी। यह ट्रेन नए तकनीक से लैस होगी। जिसमें बेहतर एक्सीलेटर सुविधा,डिब्बे केअंदर बेहतर वेंटिलेशन, आक्सीजन की सुविधा और कंपन रहित लोकल ट्रेनें तैयार की जाएगी।



**मुंबई को मिली राशि :** मुंबई को 17,107 करोड़ का दीर्घकालिक आवंटन मिला है, जिससे 301 किलोमीटर नई रेल लाइनों का निर्माण होगा, जिनका काम पहले से ही चल रहा है और जिनकी समय-सीमा 2025, 2026 और 2027 है। आगामी भविष्य में मुंबई उपनगरीय ट्रेनों के लिए 15000 करोड़ का निवेश किया जाएगा।

**प्रत्येक 2 मिनट पर लोकल ट्रेन:** रेल मंत्री ने कहा कि वर्तमान में हर तीन मिनट यानी 180 सेकंड पर लोकल ट्रेन चलती है। इस टाइम को 180 सेकंड से 150 और फिर 120 सेकंड करने की योजना है।

**विभिन्न टर्मिनल स्टेशन पर क्षमता बढ़ेगी:** मुंबई में पश्चिम रेलवे के मुंबई सेंट्रल, बांद्रा, जोगेश्वरी, वसई और मध्य रेलवे के सीएसएमटी, परेल, कुर्ला एलटीटी, कल्याण और पनवेल टर्मिनल स्टेशन को उन्नत कर क्षमता को बढ़ाया जा रहा है। महाराष्ट्र में विभिन्न मार्गों पर नमो रैपिड रेल और अमृत भारत ट्रेनें भी चलेंगी।



### विभिन्न परियोजनाएं

वर्तमान में, महाराष्ट्र राज्य में 1,70,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रगति पर हैं , जिनमें से मुंबई में 17,107 करोड़ रुपये की लागत वाली 301 किलोमीटर परियोजनाएं कार्यान्वयन के अधीन हैं। इन परियोजनाओं में शामिल हैं :

सीएसएमटी-कुर्ला 5वीं और 6वीं लाइन (एमयूटीपी-II) (सीआर), मुंबई सेंट्रल-बोरीवली 6वीं लाइन (एमयूटीपी-II) (डब्ल्यूआर), गोरेगांव-बोरीवली (डब्ल्यूआर) से हार्बर लाइन का विस्तार (एमयूटीपी-IIIए), बोरीवली-विरार 5वीं और 6वीं लाइन (एमयूटीपी-IIIए) (एमआरवीसी), विरार-दहानू रोड तीसरी और चौथी लाइन (एमयूटीपी-III) (एमआरवीसी), पनवेल-कर्जत उपनगरीय गलियारा (एमआरवीसी) (एमयूटीपी-III), ऐरोली-कलवा (एलिवेटेड) उपनगरीय गलियारा लिंक (एमआरवीसी) (एमयूटीपी-III), कल्याण-आसनगांव चौथी लाइन (एमयूटीपी-IIIA) (सीआर), कल्याण-बदलापुर तीसरी और चौथी लाइन (एमआरवीसी) (एमयूटीपी-IIIA), कल्याण-कसारा तीसरी लाइन (सीआर), नायगांव-जुईचंद्र डबल कॉर्ड लाइन (डब्ल्यूआर), कल्याण यार्ड-मुख्य लाइन और उपनगरीय का पृथक्करण (एमयूटीपी-IIIA) (सीआर), नीलाजे- कोपर डबल कॉर्ड लाइन (सीआर)।

**हाईकोर्ट** | चुनाव समापन के बाद वोट का मामला


# केंद्र और चुनाव आयोग को भेजा नोटिस

### बीजेपी नेता को बॉम्बे हाई कोर्ट से झटका

**दोपहर संवाददाता ◆ मुंबई**

बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोमवार को चुनाव आयोग और महाराष्ट्र के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को नोटिस जारी किया है. इस संबंध में वंचित बहुजन आघाड़ी के नेता और वकील प्रकाश आंबेडकर ने याचिका दायर की थी. इस याचिका में आंबेडकर ने आरोप लगाया था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 में वोटिंग प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं हुई हैं, जिसमें चुनाव प्रक्रिया को अवैध घोषित करने की मांग की गई है. याचिका के मुताबिक, 20 नवंबर 2024 को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में राज्य और चुनाव आयोग द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्र पर बांटे गए टोकनों की संख्या का खुलासा नहीं किया गया. खासतौर से 6 बजे के बाद भी भारी मतदान हुआ, लेकिन वोटों की कुल संख्या की पारदर्शिता नहीं थी. याचिका में कहा गया है कि चुनाव के अंतिम मिनटों और चुनाव समाप्त होने के बाद किए गए मतदान ने गंभीर चिंताएं उठाई हैं.

विक्रोली, मुंबई के रहने वाले चेतन आहिरे द्वारा दायर इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि 76 लाख से अधिक वोट अंतिम क्षणों में डाले गए, लेकिन इसके प्रमाण की कोई पुष्टि नहीं की गई. इनके अलावा, यह भी कहा गया है कि करीब 288 निर्वाचन क्षेत्रों में 19 सीटों में डाले गए वोट घोषित वोटों से अधिक थे, जबकि 76 सीटों पर यह संख्या कम दर्ज की गई.



### चुनाव आयोग ने पूछने पर नहीं दी जानकारी!

याचिका में दावा किया गया है कि 20 नवंबर 2024 को राज्य विधानसभा चुनाव में राज्य और चुनाव आयोग द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्र पर बांटे गए टोकन की संख्या का खुलासा नहीं किया गया. जबकि 6 बजे के बाद भी भारी मतदान हुआ, लेकिन वोटों की कुल संख्या की पारदर्शिता नहीं थी। 76 लाख से अधिक वोट अंतिम क्षणों में डाले गए, लेकिन इसके प्रमाण की कोई पुष्टि नहीं की गई। करीब 288 निर्वाचन क्षेत्रों में 19 सीटों में डाले गए वोट घोषित वोटों से अधिक थे, जबकि 76 सीटों पर यह संख्या कम दर्ज की गई। मतदान केंद्र पर शाम 6 बजे के बाद प्रत्येक पोलिंग स्टेशन पर कितने टोकन बांटे गए, साथ ही विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों में कुल टोकनों की संख्या की जानकारी की भी मांग की गई है।

# साईबाबा संस्थान के दो कर्मचारियों की हत्या

**दोपहर संवाददाता ◆ शिरडी**

शिरडी में साईं बाबा संस्थान के दो कर्मचारियों की हत्या कर दी गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। ड्यूटी पर जाते समय सोमवार को इस वारदात को अंजाम दिया गया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और एक घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अहिल्यानगर जिले के शिरडी में साईबाबा संस्थान के तीन कर्मचारियों पर अलग-अलग स्थानों पर हमले की घटनाएं हुईं। कर्मचारी सुभाष साहेबराव घोडे (45) पर चाकू से हमला साईनगर इलाके में और कर्मचारी नितिन कृष्ण शेजुल (32) पर चाकू से हमला साकुरी इलाके में अज्ञात बदमाशों ने किया। हमले में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। तीसरे कर्मचारी कृष्णा देहरकर पर नादुरखी रोड पर हमला किया गया।

### पुलिसकर्मी पर नजरअंदाज करने का आरोप

प्रत्यक्षदर्शी नागरिकों का कहना है कि इन घटनाओं के बाद



पुलिस को जानकारी दी गई, लेकिन पुलिस ने कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। इसके बाद नागरिकों ने भाजपा नेता और पूर्व सांसद सुजय विखे पाटिल से संपर्क किया। इसके बाद सुजय विखे पाटिल ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर कार्रवाई करने और आरोपितों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की है। सुजय विखे पाटिल ने पत्रकारों को बताया कि इस मामले में पुलिस कर्मी इन घटनाओं को मामूली घटना बताकर नजरअंदाज कर रहे थे।

# बांद्रा रेलवे स्टेशन पर अधेड़ महिला से दुष्कर्म

**मुंबई।** बांद्रा रेलवे स्टेशन पर एक अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म करने के मामले में आरोपित को रेलवे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले की गहन छानबीन रेलवे पुलिस की टीम कर रही है। इस मामले की छानबीन कर रेलवे पुलिसकर्मी ने सोमवार को बताया कि 54 वर्षीय महिला हरिद्वार से घूमने के लिए मुंबई आई थी, लेकिन रात पर हो जाने की वजह से महिला बांद्रा स्टेशन के प्लेटफार्म पर ही सो गई थी। इसी दौरान एक व्यक्ति उसके पास आया और टिकट मांगने के बहाने वह महिला को सूनसान जगह पर ले गया और महिला के साथ दुष्कर्म किया। महिला ने इसकी जानकारी अपने परिवार वालों को दी। इसके बाद महिला ने इस मामले की शिकायत बांद्रा रेलवे पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई। इसके बाद रेलवे पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपित की पहचान की गई और आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया।

# दिनदहाड़े महिला की चाकू मारकर हत्या

- आरोपी गिरफ्तार
- उधारी को लेकर हुआ था विवाद


**डीबीडी संवाददाता । अंबरनाथ**

महाराष्ट्र के अंबरनाथ में एक महिला की हत्या का मामला सामने आया है। उधारी की रकम को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने अपनी ही महिला दोस्त को चाकू मारकर हत्या कर दी।

### पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

घटना के बाद, पुलिस ने आरोपी राहुल भिंगारकर को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।





### उधार पैसे वापस मांगने पर हुआ विवाद

सीमा कांबले और आरोपी राहुल भिंगारकर एक-दूसरे के बगल में रहते थे। सीमा ने अपने दोस्त राहुल से 2.15 लाख रुपये उधार लिए थे। जब राहुल ने पैसे वापस नहीं किए, तो सीमा ने उससे कहा कि या तो वह उससे शादी करे या फिर पैसे वापस लौटाए।

### हत्या की घिनौनी वारदात

आज दोपहर, दोनों अंबरनाथ स्टेशन के पास साईबाबा मंदिर के नजदीक मिले। दोनों के बीच पैसे को लेकर झगड़ा हुआ और राहुल ने गुस्से में आकर सीमा पर चाकू से कई वार किए। गंभीर रूप से घायल सीमा को पास के अस्पताल में ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

# दो और बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

- मोबाइल फोन, नकदी और बांग्लादेशी मुद्रा जब्त

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

भिवंडी में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी नागरिकों की धरपकड़ पुलिस द्वारा तेज़ कर दी गई है। हाल के दिनों में पुलिस ने दर्जनों बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है, जो शहर के विभिन्न इलाकों में छुपकर रह रहे थे। इसी क्रम में शांतिनगर पुलिस ने बिना वीजा और प्रमाण पत्र के रह रहे दो बांग्लादेशी नागरिकों को भादवड इलाके से गिरफ्तार किया है। शांतिनगर पुलिस के अनुसार, भादवड स्थित रूपेश म्हात्रे के बंगले के सामने ममता पाटिल की चाल के कमरा नंबर 3 से मोमीना निसार अली (28) और माया उर्फ अमीना निसार अली (26) को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से 18,700 मूल्य का मोबाइल फोन, नकदी, और बांग्लादेशी मुद्रा (10 टका और 2 टका के नोट) बरामद किए हैं।



### अवैध रूप से भारत में प्रवेश

जांच के दौरान पता चला कि ये दोनों आरोपी भारत के आधिकारिक नागरिक नहीं हैं और इनके पास पासपोर्ट, वीजा, या किसी प्रकार का वैध लाइसेंस नहीं है। ये त्रिपुरा सीमा के माध्यम से गुप्त रूप से भारत में प्रवेश कर भादवड इलाके में छुपकर रह रहे थे।

### आरोपियों पर मामला दर्ज

शांतिनगर पुलिस ने इन दोनों के खिलाफ अपराध रजिस्टर नंबर 152/2025 के तहत विदेशी विषयक अधिनियम, 1946 की धारा 3(1), (2), (3) और 14 पासपोर्ट अधिनियम, 1967 की धारा 12, विदेशी (पुलिस को रिपोर्ट) आदेश, 1971 की धारा 2 और पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) नियम, 1950 के नियम 3 और 6 धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपडे कर रहे हैं। पुलिस अवैध रूप से रह रहे अन्य बांग्लादेशी नागरिकों की भी खोजबीन कर रही है।

## खबर संक्षेप

### सांगली में ईवीएम की जगह बैलेट पेपर से चुनाव चाहते हैं लोग



सांगली। सांगली जिले के वालवा तहसील में ग्राम पंचायत ने भविष्य के चुनावों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (EVM) की जगह बैलेट पेपर से मतदान कराने के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया है। ग्राम सभा के एक सदस्य ने बताया कि यह कदम संविधान की रक्षा और लोकतंत्र को मजबूत करने के उद्देश्य से उठाया गया है। न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के मुताबिक बाहे गांव पश्चिमी महाराष्ट्र का शायद दूसरा ऐसा गांव है, जिसने ईवीएम को हटाकर बैलेट पेपर से चुनाव कराने का प्रस्ताव पारित किया है। इससे पहले, दिसंबर में सतारा जिले की कराड (दक्षिण) विधानसभा क्षेत्र के कोलेवाड़ी गांव की ग्राम सभा ने भी इसी तरह का प्रस्ताव पारित किया था। बाहे ग्राम सभा के एक सदस्य ने कहा, 'हमारी ग्राम सभा ने हाल ही में यह प्रस्ताव पारित किया है कि भविष्य में सभी चुनाव बैलेट पेपर के माध्यम से कराए जाएं, हम अन्य गांवों और उनकी ग्राम पंचायतों से भी अपील करते हैं कि वे भी इसी तरह के प्रस्ताव पारित करें ताकि संविधान और लोकतंत्र की रक्षा हो सके।' गांव के लोगों ने इस प्रस्ताव को तहसीलदार को सौंप दिया है। गौरतलब है कि नवंबर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में बीजेपी और उसके सहयोगियों की जीत के बाद विपक्षी दलों द्वारा ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए गए थे। इसी संदर्भ में विभिन्न गांवों में बैलेट पेपर की मांग उठ रही है।

### स्कूल के पास पेड़ से लटकी मिली छात्र की लाश



**ठाणे।** ठाणे जिले में एक रेजिडेंशियल स्कूल के 10वीं कक्षा के एक छात्र ने स्कूल के पास ही एक पेड़ से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने सोमवार को ये जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि शनिवार को कुछ राहगीरों ने मुरबाड इलाके में छात्र को पेड़ से लटका हुआ देखा और पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।उन्होंने कहा कि लड़के के कदम के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। मृतक लड़का पड़ोसी पालघर जिले के जवाहर तालुका के खैरेपाड़ा का रहने वाला था। वह यहां के एक सहायता प्राप्त आदिवासी आश्रम विद्यालय (रेजिडेंशियल स्कूल) का छात्र था। तोकावड़े पुलिस थाने के निरीक्षक दिनकर चकोर ने बताया कि सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि फिलहाल दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।


यौन उत्पीड़न और हत्या मामला

# पीड़ित परिवार को धमकी

**सुशील सिंह । कल्याण**

कल्याण पूर्व में नाबालिग लड़की के साथ हुए यौन उत्पीड़न और उसकी निर्मम हत्या के मामले ने पूरे क्षेत्र को हिला कर रख दिया है। इस दर्दनाक घटना के बाद अब पीड़ित परिवार को सुरक्षा की चिंता सता रही है। हाल ही में, कुछ अज्ञात युवकों ने उनके घर के बाहर पहुंचकर धमकी दी, अगर जमानत नहीं हुई तो हम AK-47 लेकर आएंगे और दिखाएंगे। इस घटना ने परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है।

### परिवार को नहीं मिल रही सुरक्षा, पुलिस पर लापरवाही के आरोप



पीड़ित परिवार ने कई बार पुलिस से सुरक्षा की मांग की, लेकिन अब तक उन्हें पर्याप्त सुरक्षा नहीं मिली है। पीड़िता के पिता का कहना है, हमने बार-बार सुरक्षा की गुहार लगाई, लेकिन कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। अब हमें अपने जीवन की चिंता सता रही है।

### मुख्य आरोपी गिरफ्तार, लेकिन चार्जशीट अब तक दाखिल नहीं

इस मामले में आरोपी विशाल गवळी और उसकी पत्नी साक्षी गवळी को कोळशेवाडी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों इस समय जेल में हैं। हालांकि, अभी तक चार्जशीट दाखिल नहीं की गई है, जिससे परिवार में चिंता और बढ़ गई है।

### राजनीतिक नेताओं का हस्तक्षेप

राज्य के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, और अन्य नेताओं ने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर उन्हें न्याय का आश्वासन दिया है।

### न्याय और सुरक्षा की मांग

यह मामला न केवल पीड़ित परिवार, बल्कि पूरे समाज के लिए चिंता का विषय बन गया है। प्रशासन को इस पर गंभीर कार्रवाई करनी चाहिए ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिले और वे सुरक्षित महसूस कर सकें।

### मध्यरात्रि में धमकी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

रविवार रात करीब 2 बजे, तीन युवक मोटरसाइकिल पर आए और परिवार के घर के बाहर गाली-गलौज की। एक युवक ने पास की दुकान के बाहर रखी ट्रे फेंक दी और धमकी दी। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे पुलिस को पुख्ता सबूत मिले हैं। पुलिस के मुताबिक, विशाल गवळी के तीन भाइयों को तड़ीपार किया गया है। लेकिन पीड़िता के पिता ने आरोप लगाया कि उनमें से दो भाई अब भी इलाके में घूम रहे हैं, जिससे परिवार का डर और बढ़ गया है।

# भेड़ की लड़ाई में 30 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

**डीबीडी संवाददाता । डोंबिवली**



डोंबिवली तिलकनगर पुलिस ने रविवार शाम को शिलफाटा रोड पर टाटा पावर के सामने एक भेड़ की लड़ाई में भाग लेने वाले 30 लोगों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस ने 10 लोगों को हिरासत में लिया और बाकी आरोपियों के खिलाफ वारंट जारी किया है। पुलिस भगोड़ों की तलाश में जुटी है।

### भागीदारों में उच्च शिक्षित और पेशेवर लोग भी शामिल

चौंकाने वाली बात यह है कि इस भेड़ की लड़ाई में पुणे के कोंढवा, जोगेश्वरी, मलाड, वडाला और अंधेरी जैसे इलाकों से आए उच्च शिक्षित युवाओं, पेशेवरों और कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसमें एक इंजीनियर, मछली किसान, कपड़ा दुकानदार और एक एयरलाइन सुरक्षा गार्ड जैसे श्रमिक वर्ग के लोग भी शामिल थे।

### पुलिस कार्रवाई और सरकारी आदेश का उल्लंघन

पुलिस के अनुसार, शिलफाटा रोड पर दो भेड़ों के बीच चल रही कुश्ती प्रतियोगिता के दौरान दोनों समूहों ने अपनी भेड़ों को जीतने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान, एक भेड़ घायल हो गई, और इसके मरने का खतरा भी था। सरकार ने पहले ही भेड़ों की लड़ाई पर प्रतिबंध लगाया था, लेकिन इसके बावजूद इस तरह के झगड़े हो रहे थे।

### सट्टा बाजार का काला धंधा

पुलिस का कहना है कि इस तरह की भेड़ की लड़ाइयों में बड़ी रकम का सट्टा खेला जाता है, और अमीर लोग इन खेलों में बड़ी रकम लगा कर मुनाफा कमाते हैं। हालांकि पुलिस का कहना है कि सोशल मीडिया के जरिए इस प्रकार की गतिविधियाँ उजागर होने से पुलिस का काम आसान हो गया है। पुलिस के अनुसार, इस खेल के दौरान पांच से अधिक नागरिकों का एक साथ इकट्ठा होना।

### चौथी मंजिल से कूदकर युवक ने की आत्महत्या

**ठाणे।** ठाणे जिले में 38 वर्षीय एक व्यक्ति ने 1.18 लाख रुपये लोन चुकाने को लेकर परेशान किए जाने के बाद आत्महत्या कर ली। इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी। फिलहाल पुलिस ने मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार भी किया है। पुलिस ने पिछले महीने हुई इस घटना के संबंध में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जानकारी के मुताबिक मृतक अमीन शेख ने आरोपियों से 1.180 लाख रुपये का लोन लिया था। गणेशपुरी पुलिस स्टेशन के अधिकारी ने बताया कि अतिरिक्त ब्याज सहित कुल 3.130 लाख रुपये चुकाने के बावजूद, आरोपी ने कथित तौर पर उसे और पैसे के लिए परेशान करना और धमकाना जारी रखा। गंभीर संकट में फंसे व्यक्ति ने 14 जनवरी को गणेशपुरी इलाके में अपने घर में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद पीड़ित के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया और शुरू में आकस्मिक मौत का मामला दर्ज किया गया। अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को शेख द्वारा उसके मोबाइल फोन पर छोड़ा गया एक रिकॉर्डेड संदेश मिला है। जिसमें उसने अपने इस कदम के लिए तीन लोगों को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं, साक्ष्य मिलने के बाद पुलिस ने शुक्रवार को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 108 (आत्महत्या के लिए उकसाना) के तहत तीनों लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की।

# 26 लाख रुपये का मैफेड्रॉन पाउडर बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे पुलिस की नशा विरोधी दस्ते (ANC) ने मानपाड़ा स्थित हैप्पी वैली सर्कल में 152.5 ग्राम मैफेड्रॉन (MD) पाउडर जब्त कर दो संदिग्ध आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त किए गए नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 25,88,820 रुपये आंकी गई है।



### गुप्त सूचना पर पुलिस की कार्रवाई

ठाणे पुलिस आयुक्त कार्यालय के अनुसार, 25 जनवरी 2025 को कांस्टेबल अमोल देसाई को सूचना मिली कि मानपाड़ा, हैप्पी वैली परिसर में दो संदिग्ध व्यक्ति अवैध नशीला पदार्थ बेचने आने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने जाल बिछाया और दोनों संदिग्धों की तलाशी लेने पर 152.5 ग्राम मैफेड्रॉन (MD) पाउडर बरामद किया। गिरफ्तार आरोपी मोइन मोहम्मद आरिफ निर्वाण (29), निवासी मीरा रोड और मोहम्मद मुजम्मिल लियाकत अली नागौरी (27) हैं। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। कि यह नशीला पदार्थ कहां से लाया गया और इसे किन लोगों को बेचा जाना था।

### वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में कार्रवाई

यह पूरी कार्रवाई ठाणे पुलिस नशा विरोधी दस्ते के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राहुल म्हास्के के मार्गदर्शन में की गई। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी किसी बड़े ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़े हैं या नहीं।

# राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

शहर स्थित डॉ. काशिनाथ घाणेकर सभागार में राष्ट्रभाषा विचार मंच और राजस्थानी सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से आए ख्यातिप्राप्त कवियों और कवित्रियों ने अपनी प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।




### देशभर से पहुंचे नामचीन कवि

इस कार्यक्रम के संयोजक एड.दरम्यान सिंह बिष्ट ने बताया कि कार्यक्रम में दिल्ली, जयपुर, इंदौर, उत्तर प्रदेश सहित देश के कोने कोने से आये कवि व कवित्रियों ने वीर रस, हास्य रस और देश भक्ति के कविता को सुनाकर उपस्थित हुए लोगों को खुश कर दिया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का संचालन मंच सम्राट शशिकांत यादव (देवांश) ने किया और कार्यक्रम में हास्य सम्राट सुदीप बोला, वीर रस के कवि अशोक चरण, गीतकार अमन अक्षर, हास्य कवि पार्थ नवीन, प्रियंका नंदनी, चेतन चर्चित सहित अन्य कवियों ने अपनी कविताओं से सभी को खूब हसी के ठहाके लगवाया।

### विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ठाणे पुलिस सह आयुक्त ज्ञानेश्वर चव्हाण और अतिथि के रूप के बार काउंसिल ऑफ महाराष्ट्र एंड गोवा सदस्य एड सुदीप पासबोला, उद्योगपति अजिताभ बच्चन, ठाणे जिला न्यायालय बार एसोसिएशन के एड प्रशांत कदम मुलुंड कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष एड राजेंद्र केनी, मुंबई शहर दीवानी व सत्र न्यायालय अध्यक्ष एड रविप्रकाश जाधव उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में डॉ हरिवंशराय बच्चन साहित्य रत्न पुरष्कार अजिताभ बच्चन के हाथों से वरिष्ठ साहित्यकार डॉ अनिलकुमार सिंह को, महाराणा प्रताप शौर्य पुरस्कार कमांडो मधुसूदन सुर्वे को, छत्रपति शिवाजी महाराज शौर्य पुरस्कार अभिनेता प्रशांत दामले को व स्वर्गीय एड बी एल शर्मा साहित्य प्रेमी पुरस्कार साहित्यकार राजेंद्र दाधीच को दिया गया ।आयोजन समिति के सह संयोजक अरुण जोशी, आर के सिंह, एड सुभाष झा, महेश जोशी, राजेंद्र शर्मा, पवन शर्मा, विजय बसवतिया, मदन शर्मा, शेषकुमार उपाध्याय ने आये हुए अतिथियों का सत्कार किया।

# नाबालिग बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाला पड़ोसी फरार

- पुलिस में मामला दर्ज, आरोपी की तलाश में लगी पुलिस

**डीबीडी संवाददाता । भिवंडी**

शहर के कामतघर इलाके में एक नराधम पड़ोसी द्वारा अपनी बगल में रहने वाली 9 वर्षीय बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जिस के खिलाफ पीड़िता की माँ की शिकायत पर भिंवडी शहर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। जबकि आरोपी पड़ोसी इस घटना के बाद से मौका देख कर फरार हो गया। लेकिन आरोपी को बांग्लादेशी समझ कर इस के साथ रहने वाले कुछ युवकों को नागरिकों द्वारा पिटाई कर दी गई जो जांच में झारखंड के रहने वाले निकले।

### पूरा मामला समझें



पुलिस के अनुसार शहर के कामत घर इलाके में रहने वाली 9 वर्षीय बच्ची अपने अभिभावक और 6 वर्षीय भाई के साथ रहती है। पीड़िता की मां बेगारी का काम करती है। रोज की तरह घटना वाले दिन जब पीड़िता की मां काम पर चली गई तो उनके पड़ोस में ही रहने वाला नराधम आरोपी यासीन शेख 20 पीड़िता के घर आया और बच्ची को उठा कर अपने साथ घर ले गया जहां उस ने उसके साथ अश्लील हरकत की। लेकिन इस दौरान पीड़िता बच्ची किसी तरह मौका पा कर वहां से निकलने में कामयाब हो गई। बच्ची वहां से भाग कर सीधा अपनी मौसी के घर पहुंच गई। इस घटना की जानकारी पीड़िता बच्ची ने अपनी मां को दी। जिस के बाद पीड़िता की मां ने भिंवडी शहर पुलिस स्टेशन पहुंच कर आरोपी यासीन शेख़ के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। शहर पुलिस ने यासीन शेख़ के खिलाफ एफ आई आर नंबर 123/2025 में बीएनएस की धारा 74 सहित पोक्सो अधिनियम 2012 धारा 7,12 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। इस दौरान नाराज लोगों ने फरार आरोपी यासीन शेख़ को बांग्लादेशी नागरिक समझ कर इसके साथ रहने वाले तीन लोगों की पिटाई कर दी और उन्हें पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया लेकिन पुलिस के जांच के दौरान ये सभी झारखंड के निवासी निकले।

# सबूत न मिलने पर कोर्ट ने मां को किया बरी

- पानी के ड्रम में डुबोकर बेटे के हत्या का था आरोप

**डीबीडी संवाददाता । ठाणे**

ठाणे जिले में पांच महीने के बेटे को पानी के ड्रम में डुबा कर हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार महिला को अदालत ने सबूतों के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपी के खिलाफ कोई ठोस सबूत पेश नहीं कर सका, जिससे यह साबित हो सके कि उसने यह अपराध किया है।



### जानिए क्या था पूरा मामला?

24 दिसंबर 2021 को ठाणे के कलवा इलाके के साईबा नगर में महिला के पांच महीने के बेटे का शव एक पानी के ड्रम में मिला था। महिला ने पहले पुलिस को सूचना दी थी कि उसका बेटा झूले से गायब हो गया है। उसने दावा किया था कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने बच्चे का अपहरण कर लिया है, जिसके बाद पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज किया था।

### सीसीटीवी फुटेज में क्या मिला?

जांच के दौरान पुलिस ने इलाके की सीसीटीवी फुटेज खंगाली। फुटेज में दो अज्ञात महिलाएं इलाके में घूमती नजर आईं, लेकिन वे बच्चे को ले जाते हुए नहीं दिखीं। अगले दिन सुबह पुलिस को सूचना मिली कि महिला के पड़ोसी के घर के बाहर पानी के ड्रम में बच्चे का शव मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पुष्टि हुई कि शिशु की मौत डूबने से हुई थी।

### कोर्ट का फैसला

ठाणे के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एस। बी। अग्रवाल ने 20 जनवरी को सुनाए फैसले में 36 वर्षीय महिला को संदेह का लाभ देते हुए निर्दोष करार दिया। अदालत ने कहा कि ऐसा कोई प्रत्यक्ष या परिस्थितिजन्य साक्ष्य मौजूद नहीं है, जिससे यह साबित हो कि महिला ने ही अपने बेटे की हत्या की है। इसी आधार पर महिला को हत्या और सबूत मिटाने के आरोपों से बरी कर दिया गया।

# सीएम फडणवीस की बैठक में फिर नहीं पहुंचे शिंदे

## दूसरी बार अहम मीटिंग से रहे नदारद



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र की एनडीए सरकार में मानो सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के अहम बैठकों से गैर-हाजिर रहने पर तो कम से कम ऐसा ही माना जा रहा है। पहले तो वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा बुलाई गई कैबिनेट मीटिंग से दूर रहे, और अब एक अन्य अहम बैठक में उन्होंने शिरकत नहीं की। सीएम फडणवीस ने कुछ अहम प्रोजेक्ट्स पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई थी जिसमें अजित पवार तो पहुंचे, लेकिन एकनाथ शिंदे नदारद रहे।

### हाउसिंग से संबंधित विषय पर नहीं हो सकी चर्चा

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस द्वारा बुलाई गई बैठक में हाउसिंग प्रोजेक्ट्स पर भी चर्चा होनी थी। हाउसिंग से संबंधित मंत्रालय एकनाथ शिंदे के पास ही है, लेकिन वह इस मीटिंग में नहीं आए। हालांकि, शिंदे गुट की तरफ से गृह राज्य मंत्री योगेश कदम ने मीटिंग अटेंड किया। बताया जाता है कि पिछले हफ्ते की कैबिनेट बैठक में भी एकनाथ शिंदे नहीं पहुंचे थे। अब उनके दूसरी बार ऐसा करने पर सवाल उठने लगे हैं।

### फडणवीस का सीएम बनना नहीं पचा पाए शिंदे

एकनाथ शिंदे उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली सरकार में मंत्री थे, लेकिन 2022 में उन्होंने दर्जनों विधायकों को तोड़कर बीजेपी से हाथ मिला लिया था। उन्होंने राज्य में एनडीए की सरकार बनवाई थी, और फिर उन्हें मुख्यमंत्री बनने का मौका मिला, और देवेंद्र फडणवीस को डिप्टी सीएम बनना पड़ा था। अब जब हालिया चुनाव में बीजेपी सबसे बड़ी पार्टी बनी तो देवेंद्र फडणवीस को मुख्यमंत्री बनाने का फैसला हुआ, जिसे शिंदे ने कई दिनों तक मानने से इनकार किया।

### बनना चाहते थे मुख्यमंत्री

एकनाथ शिंदे शिवसेना के प्रमुख हैं, जो महाराष्ट्र में महायुति (बीजेपी-शिवसेना-एनसीपी) गठबंधन सरकार का हिस्सा है। मसलन, एकनाथ शिंदे की तरफ से चल रहा तनाव कोई नई बात नहीं है। विधानसभा चुनाव के बाद कहा जाता है कि वह दूसरी बार महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बनना चाहते थे। इसके लिए कई दिनों तक उन्होंने सियासी उठापटक भी मचाई। यहां तक कि वह बीमार भी पड़ गए और मौन धारण कर लिया था, लेकिन कहा जाता है कि बीजेपी ने सीएम पद पर उनके दावे को सिरे से खारिज किया।

### सीएम नहीं बनने का मलाला है शिंदे को

एकनाथ शिंदे को डिप्टी सीएम बनाने का फैसला तो कहा जाता है कि पहले ही हो चुका था, लेकिन सीएम नहीं बन पाने का मलाल माना जाता है कि उनके मन में अभी भी है। बाद में पता चला कि वह कम से कम गृह मंत्रालय की जिम्मेदारी चाह रहे हैं, लेकिन यह अहम पद भी बीजेपी ने उन्हें देने से इनकार किया। हाउसिंग जैसे अहम मंत्रालय उन्हें दिए गए। महाराष्ट्र कैबिनेट में शिवसेना के पास 11 मंत्री पद हैं। लेकिन सीएम नहीं बन पाने के मलाल पर विपक्षी पार्टी के नेता संजय राउत कहते हैं कि वह (एकनाथ शिंदे) ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

# किसानों के लिए AI साबित होगा वरदान: पवार

## बैठक में अन्य कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**मुंबई।** किसानों को खेती करने में कैसे मदद हो सकती है और कैसे किसानों का काम आसान और घाटा कम किया जा सकता है इसके लिए अजित पवार ने बैठक की। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार कृषि क्षेत्र में उत्पादकता बढ़ाने और किसानों की लागत कम करने के लिए प्रायोगिक आधार पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) के इस्तेमाल पर विचार कर रही है। यहां एक समीक्षा बैठक के दौरान पवार ने राज्य कृषि विभाग को परियोजना की तकनीकी और वित्तीय व्यवहार्यता का आकलन करने के लिए सहकारिता विभाग के साथ मिलकर काम करने का निर्देश दिया। बैठक में राज्य के कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे, कृषि राज्य मंत्री आशीष जायसवाल, सहकारिता राज्य मंत्री पंकज भोयर, अखिल भारतीय अंगूर उत्पादक संघ के अध्यक्ष कैलास पाटिल और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।



### दुनियाभर के क्षेत्रों में क्रांति ला रहा AI

अजित पवार ने कहा, ''चूंकि फसलों की स्थिति, मृदा कार्बन स्तर और मृदा की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण कारकों की निगरानी AI का उपयोग करके की जा सकती है, इसलिए हम उत्पादकता बढ़ाने और किसानों के लिए उत्पाद लागत को कम करने के लिए कृषि क्षेत्र में प्रयोगात्मक आधार पर इसका उपयोग कर सकते हैं।" उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन किसानों के लिए व्यावहारिक और आर्थिक रूप से व्यवहारिक होना चाहिए। उपमुख्यमंत्री पवार ने कहा, ''AI दुनिया भर के क्षेत्रों में क्रांति ला रहा है और कृषि को पीछे नहीं छोड़ा जाना चाहिए। आने वाले वर्षों में, AI किसानों के लिए अपरिहार्य होगा क्योंकि वे बदलते मौसम, बेमौसम बारिश, कीटों के हमले और श्रम की कमी जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं।"

### उत्पादकता बढ़ाने में निभा सकता है भूमिका

उन्होंने कहा कि AI उत्पादन लागत को कम करते हुए उत्पादकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। पवार ने कहा, ''हम मिट्टी में कार्बन के स्तर को मापने और कीटों, बीमारियों और यहां तक कि खरपतवार के प्रकारों की पहचान करने में सक्षम होंगे, जिससे किसानों को उनकी फसलों और भूमि के बारे में विस्तृत जानकारी मिलेगी। ये प्रगति अधिक सटीक खेती के तरीके और संसाधनों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करेगी।" उन्होंने यह भी कहा कि AI के उपयोग से आपूर्ति श्रृंखला में अधिक दक्षता आएगी और कुल लागत में कमी आएगी। उन्होंने कहा, ''कटाई की दक्षता में सुधार, रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग को कम करने और रोग प्रबंधन को बढ़ाने से, AI किसानों को श्रम और लागत बचाने में मदद करेगा। कृषि में AI का एकीकरण केवल पैदावार में सुधार करने के बारे में नहीं है, बल्कि खेती के लिए अधिक टिकाऊ और लागत प्रभावी दृष्टिकोण सुनिश्चित करना भी है।"

# 'पहले बोलते हैं, फिर सोचते हैं राहुल गांधी'

## महाराष्ट्र चुनाव पर राहुल गांधी ने उठाए सवाल तो भड़की शाइना एनसी



**मुंबई।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आज संसद में बयान दिया। राहुल गांधी ने सोमवार को कहा कि लोकसभा चुनाव और महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के बीच की कुछ महीनों की अवधि में ही राज्य में हिमाचल प्रदेश की आबादी के बराबर मतदाताओं की संख्या बढ़ गई और ऐसे में निर्वाचन आयोग को प्रदेश के विपक्षी दलों को मतदाता सूची से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराने चाहिए। राहुल गांधी के इस बयान पर शाइना एनसी ने भड़क गई। शाइना एनसी ने उनके इस बयान पर राहुल गांधी को कमेडियन करार दिया। महाराष्ट्र चुनाव के बारे में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के भाषण पर शिवसेना नेता शाइना एनसी ने कहा, "राहुल गांधी गलतियों की कॉमेडी हैं। हर बार जब वह कोई बयान देते हैं, तो वह बोलते हैं और फिर सोचते हैं।" शाइना एनसी ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि, "शायद अब समय आ गया है कि वह सोचें और फिर बोलें। जब वह जीतते हैं, तो वह कहते हैं कि यह कांग्रेस पार्टी की जीत है। जब वह हारते हैं, तो वह या तो फर्जी मतदान या ईवीएम से छेड़छाड़ का दावा करते हैं।

# दिल्ली चुनाव पर संजय राउत का हल्ला बोल



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच फरवरी को महाकुंभ में संगम स्नान और पूजन करेंगे। दिल्ली चुनाव के दिन पीएम मोदी के कुंभ दौरे को लेकर विपक्ष सवाल खड़े कर रहा है। महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने भी पीएम मोदी के कुंभ दौरे को लेकर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को लगता है कि उनके ऐसा करने से दिल्ली की जनता उन्हें वोट देंगी। उद्धव ठाकरे गुट के नेता ने आगे कहा कि अगर लोगों ने ऐसा करना शुरू कर दिया तो लोकतंत्र खतरे में आ जाएगा।

### पीएम मोदी के कुंभ दौरे पर संजय राउत ने उठाए सवाल

दिल्ली चुनाव के दौरान पीएम मोदी के कुंभ दौरे को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा, उसी दिन पीएम मोदी पवित्र स्नान के लिए कुंभ का दौरा कर रहे हैं। उन्हें लगता है कि उनके ऐसा करने से दिल्ली की जनता उन्हें वोट देगी। अगर लोग इस आधार पर वोट देंगे तो देश में लोकतंत्र खतरे में है। केजरीवाल जी को उनके काम के आधार पर वोट मिलेगा। संजय राउत ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा, पहली बार देख रहा हूं कि कोई मुख्यमंत्री सीएम के आधिकारिक आवास 'वर्षा बंगले' में जाने से डर रहा है।

# नाबालिग बच्ची को इंजेक्शन लगाकर व्यक्ति फरार

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

भांडुप इलाके से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है, जहां 9 वर्षीय एक स्कूली लड़की को एक अज्ञात व्यक्ति ने स्कूल से घर जाते वक्त इंजेक्शन लगा दिया और मौके से फरार हो गया। यह घटना 31 जनवरी की है, जब लड़की स्कूल के मैदान में खेलने गई थी।



### लड़की की मेडिकल जांच रिपोर्ट सामान्य

लड़की के ब्लड टेस्ट, एक्स-रे और अन्य मेडिकल परीक्षण किए गए हैं, जिनकी रिपोर्ट सामान्य आई है। सीसीटीवी में लड़की को स्कूल के मैदान में खेलते और फिर अपनी सहेली के साथ क्लास में खेलते हुए देखा गया है।

### घटना का खुलासा लड़की ने किया

लड़की ने अपनी मां-बाप को बताया कि स्कूल के सुनसान हिस्से में उसे एक अज्ञात व्यक्ति ने खींच लिया और उसे इंजेक्शन लगा दिया। इस घटना के बाद लड़की के माता-पिता ने उसे तुरंत इलाज के लिए पास के अस्पताल में भर्ती कराया और भांडुप पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने तुरंत मामले की गंभीरता को समझते हुए 4 अलग-अलग टीमों को जांच के लिए नियुक्त किया।

### पुलिस जांच जारी, सीसीटीवी फुटेज का किया जा रहा विश्लेषण

पुलिस ने स्कूल परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, लेकिन अभी तक किसी भी महत्वपूर्ण सुराग का पता नहीं चल सका है। पुलिस स्कूल के शिक्षकों और कर्मचारियों के बयान दर्ज कर रही है।

### पुलिस ने मामला दर्ज किया, जांच जारी

लड़की के माता-पिता की शिकायत पर भांडुप पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने वाडिया अस्पताल में लड़की का इलाज जारी रखा है और मामले की पूरी जांच की जा रही है।



# गोधरा कांड में सजा काट रहा दोषी चोरी के मामले में पुणे से गिरफ्तार

## पैरोल मिलने पर हुआ था फरार

**मुंबई/पुणे।** गोधरा ट्रेन नरसंहार मामले में आजीवन कारावास की सजा पाने वाले फरार दोषी सलीम जर्दा को महाराष्ट्र के पुणे जिले में चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। सलीम जर्दा 17 सितंबर 2024 को सात दिन की पैरोल पर गुजरात की जेल से बाहर आया था और इसके बाद वह फरार हो गया था। पुलिस ने बताया कि पहले भी आठ बार पैरोल का उल्लंघन कर चुके जर्दा को चोरी के एक मामले में 22 जनवरी को पुणे ग्रामीण पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। उसे नासिक में दर्ज चोरी के एक मामले में वहां की पुलिस को सौंप दिया गया है। पुलिस ने बताया कि जर्दा गोधरा ट्रेन नरसंहार मामले में दोषी ठहराए गए 31 लोगों में से एक है।

आलेफाटा पुलिस थाने के निरीक्षक दिनेश तायडे ने कहा कि हमने 22 जनवरी को सलीम जर्दा और उसके गिरोह के सदस्यों को चोरी के एक मामले में गिरफ्तार किया। वे पुणे के ग्रामीण इलाकों में चोरी की वारदात को अंजाम देते थे। जांच में पता चला कि वह गोधरा ट्रेन नरसंहार मामले का दोषी भी है।

### सलीम जर्दा को मिली है मौत की सजा

उन्होंने कहा, सलीम जर्दा उन 11 लोगों में शामिल था जिन्हें मौत की सजा सुनाई गई थी, लेकिन गुजरात हाई कोर्ट ने बाद में उनकी सजा को आजीवन कारावास में बदल दिया था। अधिकारी ने बताया कि जर्दा और उसके गिरोह के सदस्यों को पुणे में सात जनवरी को एक ट्रक से 2.49 लाख रुपये से अधिक कीमत के 40 टायर चोरी करने के आरोप में पिछले महीने गिरफ्तार किया गया था।

### 2002 में हुआ था गोधरा कांड

बता दें गुजरात के गोधरा में 27 फरवरी 2002 को साबरमती एक्सप्रेस के एस-6 डिब्बे में आगजनी की गई थी, जिसमें 59 लोगों की जान चली गई और इसके बाद राज्य में दंगे शुरू हो गए थे। दिनेश तायडे ने बताया कि 2002 के गोधरा ट्रेन नरसंहार मामले में 31 लोगों को दोषी ठहराया गया था। उनमें से 11 को शुरुआत में मौत की सजा सुनाई गई थी, जबकि 20 को आजीवन कारावास की सजा मिली थी।

### 14.4 लाख की कीमत का सामान बरामद

पुणे के मंचर और नासिक के सिन्नर इलाके में इसी तरह की चोरियों में भी आरोपियों की संलिप्ता पाई गई है। अधिकारी ने बताया कि एक ट्रक और चोरी का सामान बरामद किया गया है जिनकी कीमत 14.4 लाख रुपये है। दिनेश तायडे ने कहा कि जर्दा और उसके साथी पुणे और आस-पास के जिलों में चोरी की वारदातों को अंजाम देते थे। पुणे ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक पंकज देशमुख ने बताया कि सिन्नर पुलिस थाने में दर्ज चोरी के मामले में आरोपी को नासिक ग्रामीण पुलिस को सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम मंचर पुलिस थाने में दर्ज चोरी के मामले में फिर से उसकी हिरासत की मांग करेंगे।


MAHATRANSCO
Maharashtra State Electricity Transmission Co. Ltd.

**E-TENDER 1ST CALL NOTICE**

MSETCL invites online bids (E-Tender) from registered contractors agencies on Mahatransco E-Tendering website https://srmetender.mahatransco.in/ for following works

| Sr. No. | RFX No. | E-Tender No. & Description of Material | Due date & Time (Hrs.) for submission & Opening of Tender |
|---|---|---|---|
| 1 | 7000035104 | **SE/EHV/O&M/CIR/KLW/TECH/ Ten-55/24-25** E-Tender for Work of Annual maintenance Contract for work of assigning outsourced agency to carry out work during emergency outage & breakdown work of 220kV Line under EHV O&M Division, Kalwa for the year 2024-25 and 2025-26 | Tender Downloading Dates & time. Tender Sale period. From **Dt: 04.02.2025, 00:00 Hrs to Dt. 19.02.2025, 09:59 Hrs** **Technical Opening: - Dt. 19.02.2025 at 10: 00 Hrs** (Onwards if possible) **Commercial Opening: - Dt. 19.02.2025 at 15:00 Hrs** (Onwards if possible) |
| | | **Tender Fee** | **Rs. 500 + GST** |
| | | **Estimated Cost** | **Rs. 98,19,088.00/-** |

**Contact Person** Executive Engineer / Dy. Exe. Engineer (O) Tel No. 8850013714 / 7506379055

**Sd/-**
**SUPERINTENDING ENGINEER**

Note: All eligible Supplier / Contractors are mandated to get enrolled on SRM E-Tenders (New) portal of MSETCL.


# महाराष्ट्र के परिवहन विभाग में लागू होगा कर्नाटक पैटर्न

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

कर्नाटक राज्य परिवहन की सेवाएं लंबी दूरी की यात्रा के लिए बेहद लोकप्रिय हैं और इसे बेहतर मैनेजमेंट के लिए यात्रियों द्वारा सराहा जाता है। महाराष्ट्र में भी ऐसी सेवा शुरू की जा सकती है, ऐसा विचार महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बेंगलुरु स्थित कर्नाटक राज्य सड़क परिवहन निगम (KSRTC) के मुख्यालय के दौरे के दौरान कही। सरनाईक ने 1 और 2 फरवरी को कर्नाटक का दौरा किया। इस दौरान उनके साथ कर्नाटक के परिवहन मंत्री डॉ. रामलिंगा रेड्डी, राज्य के परिवहन सचिव डॉ. एनवी प्रसाद, KSRTC के उपाध्यक्ष रिज़वान नवाब और महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (MSRTC) के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक माधव कुस्कर मौजूद थे।

### मैनेजमेंड सिस्टम की ली जानकारी




इस दौरे में सरनाईक ने 'अंबारी', 'एयरावत' और 'राजहंस' जैसी प्रीमियम बस सेवाओं का निरीक्षण किया और इनके मैनेजमेंट सिस्टम की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने KSRTC की बस सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि यह निजी बसों की तुलना में अधिक सुरक्षित हैं, जिस कारण यात्रियों में इनकी लोकप्रियता अधिक है। KSRTC अधिकारियों ने विभिन्न प्रकार की बसों का प्रदर्शन किया, जो 9 मीटर से 15 मीटर तक लंबी थीं। उन्होंने यह भी बताया कि विभिन्न प्रकार की बसें यात्रियों की आवश्यकताओं के अनुसार उपलब्ध कराई जाती हैं, चाहे वह पहाड़ी क्षेत्र हों या मैदानी क्षेत्रों में। इन बसों में दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी भी दी गई, जैसे कि Wi-Fi, यूरिनल, ई-टिकट और ऑनलाइन बुकिंग सेवाएं।

### यात्रियों की सुविधा के लिए ये व्यवस्था

परिवहन सेवाओं की प्रस्तुति के दौरान बताया गया कि पूरे राज्य के प्रबंधन को चार क्षेत्रीय डिवीजनों में विभाजित किया गया है, जिनका नेतृत्व IAS अधिकारी करते हैं। राज्य स्तर पर भी वरिष्ठ IAS अधिकारियों की नियुक्ति की जाती है, ताकि परिवहन सेवाओं में समन्वय बना रहे और यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिलें।

### कर्नाटक का दौरा करने की ये रही वजह

सरनाईक ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी प्रतिनिधियों को सलाह दी है कि वे अन्य राज्यों की अच्छी सेवाओं का अध्ययन करें और उन्हें अपने राज्यों में लागू करें। इसी पहल के तहत इस दौरे का आयोजन किया गया, ताकि कर्नाटक राज्य परिवहन की प्रतिष्ठित लंबी दूरी की सेवाओं - एयरावत, अंबारी और राजहंस का अध्ययन किया जा सके। उनकी क्षेत्रीय परिवहन प्रबंधन प्रणाली को समझा जा सके और कर्मचारियों के लिए लागू प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी प्राप्त की जा सके।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**वृक्ष प्राधिकरण**

सार्वजनिक सूचना

महाराष्ट्र (शहरी क्षेत्र) वृक्ष संरक्षण एवं संरक्षण अधिनियम 1975 (जनवरी 2018 तक संशोधित) की धारा 8 (3) (सी) के प्रावधानों के अनुसार 'आर/उत्तर' वार्ड से 01 प्रस्ताव, 'आर/मध्य' वार्ड से 01 प्रस्ताव और 'आर/दक्षिण' वार्ड से 02 प्रस्ताव यानी **जोन-VII** में कुल 04 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें वृक्षों को हटाने के लिए महाराष्ट्र राज्य वृक्ष प्राधिकरण/बीएमसी के वृक्ष प्राधिकरण/मनपा आयुक्त, अध्यक्ष, वृक्ष प्राधिकरण (बीएमसी) से अनुमोदन मांगा गया है।

उपर्युक्त प्रस्तावों में कटाई/रोपण हेतु वृक्षों की जानकारी बीएमसी की वेबसाइट- **https://mcgm.gov.in** पर उपलब्ध है। हमारे बारे में वार्ड/विभाग विभागीय मैनुअल उद्यान एवं वृक्ष प्राधिकरण--वृक्ष प्राधिकरण-विज्ञापन 7 दिन- 25 से नीचे- **W.S.- Z-VII-63**.

उपर्युक्त प्रस्तावों के लिए नागरिकों से आपत्ति/सुझाव, यदि कोई हो, इस नोटिस के प्रकाशित होने की तिथि से 7 दिनों के भीतर उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी के कार्यालय में निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किए जाते हैं।

आप अपने सुझाव/आपत्ति निर्धारित प्रारूप में **dysg.ta@mcgm.gov.in** इस ईमेल-आईडी पर भी प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय में प्राप्त आपके सुझाव/आपत्ति को नोट कर लिया जाएगा। उक्त तिथि के बाद प्राप्त ईमेल या लिखित सुझाव/आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा। प्राप्त आपत्तियों/सुझावों की सुनवाई **12/02/2025** को **04.30 बजे से 05.00** बजे तक उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक के कार्यालय में की जाएगी। जो लोग इस सुनवाई में उपस्थित होना आवश्यक समझते हैं, वे अपने ई-मेल, सुझाव/आपत्ति की प्रति के साथ उपस्थित रह सकते हैं।

**उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक**
उद्यान एवं वृक्ष अधिकारी अधीक्षक का कार्यालय
दूसरी मंजिल, हम्बोल्ट पेंगुइन बिल्डिंग वी.जे.बी उद्यान एवं
चिड़ियाघर, संत सावता माली मार्ग, भायखला (पूर्व),
मुंबई-400 027 दूरभाष संख्या 23742162
ईमेल- **dysg.ta@mcgm.gov.in**

हस्ता./-
पीआरओ/2418/विज्ञा./2024-25
उद्यान अधीक्षक एवं वृक्ष अधिकारी

समय पर उपचार, बचाएं प्राण।

संपादकीय

# अंततः आयकर कटौती

लंबे अर्से से बढ़ती कीमतों, स्थिर वेतन और करों के बोझ से मध्यम वर्ग वित्तीय दबाव में था। केंद्रीय बजट 2025 में मोदी सरकार ने आयकर छूट सीमा बढ़ाकर व कर दरों में कमी से राहत देने की कोशिश की है। किंतु-परंतु न हो तो अब बारह लाख तक की आय वाले व्यक्ति को कोई कर नहीं देना होगा। धारणा है कि इससे लोगों की आय बढ़ने से उपभोक्ता खर्च में वृद्धि होगी। खपत में वृद्धि से मांग बढ़ेगी जो कालांतर उद्योगों- अर्थव्यवस्था को गति देगी। निस्संदेह आयकर व्यवस्था का सरलीकरण स्वागत योग्य कदम है। वरिष्ठ नागरिकों की ब्याज आय पर कटौती की सीमा को दुगनी करके एक लाख रुपये सालाना करने से उन्हें लाभ मिलेगा। इसी तरह किराये की आय पर निर्भर सेवानिवृत्त लोगों को बढ़ी हुई टीडीएस सीमा का लाभ होगा, जिसे अब बढ़ाकर छह लाख सालाना कर दिया गया है। लेकिन दूसरी ओर ईपीएफ,पीपीएफ, बीमा और होम लोन पर प्रमुख कटौतियों का लाभ हटाने से आम आदमी की वास्तविक बचत खत्म हो सकती है। जिससे दीर्घकालीन बचत में गिरावट संभवित है। नई व्यवस्था पीएफ और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में निवेश को हतोत्साहित करती है। यह स्थिति उनकी भविष्य की वित्तीय सुरक्षा को कमजोर कर सकती है। कर राहत के साथ जरूरी है कि मध्यम वर्ग की आय में वृद्धि हो और मुद्रास्फीति पर नियंत्रण किया जाए। निजी क्षेत्र के सेवानिवृत्त लोगों की सामाजिक सुरक्षा के बारे में भी सोचना जरूरी है। लेकिन आयकर राहत से मध्यम वर्ग की बचत-खपत बढ़ने से क्या वास्तव में आर्थिकी को गति मिल सकेगी? एक अनुमान के अनुसार भारत में आबादी का चालीस फीसदी मध्यम वर्ग के दायरे में आता है। दरअसल, भारतीय अर्थव्यवस्था मांग की कमी से जूझ रही है। मध्य वर्ग ही वस्तुओं और सेवाओं का बड़ा उपभोक्ता वर्ग है। उसकी क्रय शक्ति कम होने व बचत नहीं होने से उसकी खरीद क्षमता बाधित हुई है। मांग कम होने से उत्पादन में गिरावट आई है और नया निवेश प्रभावित हो रहा है। यही वजह है कि बीते वर्ष में विकास दर पिछले चार सालों में सबसे कम 6.4 रही है जिसके आर्थिक सर्वे में इस साल 6.8 तक रहने का अनुमान है। जो विकसित भारत के लक्ष्यों के अनुरूप नहीं है। सरकार का मानना है कि आयकर में कटौती से बचत और खपत को बढ़ावा मिलेगा। दरअसल, मध्यम वर्ग उपभोक्ता, कर्मचारी और सहायक सेवा करने वाले लोगों का नियोक्ता होता है। सरकार मानती है कि इससे अर्थव्यवस्था को लाभ होगा। वहीं कुछ अर्थशास्त्रियों का मानना है कि देश में अप्रत्यक्ष करों में कमी से मांग को ज्यादा बढ़ावा मिल सकता है। अप्रत्यक्ष कर मध्यमवर्ग के बजाय गरीब लोगों को भी देना पड़ता है। दरअसल, हमारी एक सौ चालीस करोड़ की आबादी में नौ करोड़ लोग आयकर रिटर्न भरते हैं और साढ़े तीन करोड़ लोग आयकर देते हैं। इनको राहत देने से सीमित वर्ग की क्रय शक्ति ही बढ़ेगी। कुछ लोग इसे दिल्ली के विधानसभा चुनाव की दृष्टि से उठाया गया कदम बताते हैं क्योंकि वहीं बड़ी संख्या में आयकर दाता सरकारी कर्मचारी रहते हैं।

शख्सियत | सत्येन्द्र नाथ बोस

## गणितज्ञ और भौतिक विज्ञानी



सत्येन्द्र नाथ बोस सैद्धांतिक भौतिकी में विशेषज्ञता रखने वाले एक भारतीय गणितज्ञ और भौतिक विज्ञानी थे। उन्हें 1920 के दशक की शुरुआत में क्वांटम यांत्रिकी पर उनके काम, बोस-आइंस्टीन सांख्यिकी की नींव विकसित करने और बोस-आइंस्टीन कंडेनसेट के सिद्धांत के लिए जाना जाता है। रॉयल सोसाइटी के फेलो, उन्हें 1954 में भारत सरकार द्वारा भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

बोस का जन्म 1 जनवरी 1894 को कलकत्ता में हुआ था। वह एक बंगाली कायस्थ परिवार के सात बच्चों में सबसे बड़े थे। वह इकलौते बेटे थे, उसके बाद छह बहनें थीं। उनका पैतृक घर बंगाल प्रेसीडेंसी के नादिया जिले के बारा जगुलिया गांव में था। उनकी स्कूली शिक्षा पांच साल की उम्र में उनके घर के पास ही शुरू हुई। जब उनका परिवार गोवा बागान चला गया, तो उन्हें न्यू इंडियन स्कूल में भर्ती कराया गया। स्कूल के अंतिम वर्ष में उन्हें हिंदू स्कूल में भर्ती कराया गया। उन्होंने 1909 में अपनी प्रवेश परीक्षा (मैट्रिकुलेशन) उत्तीर्ण की और योग्यता क्रम में पांचवें स्थान पर रहे। इसके बाद उन्होंने प्रेसीडेंसी कॉलेज, कलकत्ता में इंटरमीडिएट विज्ञान पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया, जहां उनके शिक्षकों में जगदीश चंद्र बोस, सारदा प्रसन्न दास और प्रफुल्ल चंद्र रे शामिल थे।
बोस ने 1913 में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए प्रेसीडेंसी कॉलेज से मिश्रित गणित में विज्ञान स्नातक की उपाधि प्राप्त की। फिर वह सर आशुतोष मुखर्जी के नवगठित साइंस कॉलेज में शामिल हो गए, जहां वे 1915 में एमएससी मिश्रित गणित परीक्षा में फिर से प्रथम स्थान पर रहे। एमएससी परीक्षा में उनके अंकों ने एक नई उपलब्धि हासिल की। कलकत्ता विश्वविद्यालय के इतिहास में नया रिकॉर्ड, जिसे अभी भी पार नहीं किया जा सका है।
बोस सांख्यिकी का पालन करने वाले कणों के वर्ग, बोसॉन का नाम पॉल डिराक द्वारा बोस के नाम पर रखा गया था। एक बहुज्ञ, उनकी भौतिकी, गणित, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, खनिज विज्ञान, दर्शन, कला, साहित्य और संगीत सहित विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक रुचि थी। उन्होंने स्वतंत्रता के बाद भारत में कई अनुसंधान और विकास समितियों में कार्य किया। बागची (1962), और ए.के. दत्ता (1962) को बोस-आइंस्टीन सांख्यिकी और एकीकृत क्षेत्र सिद्धांत में उनके योगदान के लिए भौतिकी में नोबेल पुरस्कार के लिए सम्मानित किया गया। 4 फरवरी 1974 को कोलकाता में निधन हो गया।

# राम भरोसे चल रही व्यवस्था के निहितार्थ



ज्योति मल्होत्रा

जो राख से राख, धूल से धूल। उतनी ही भक्ति, निराशा, हताशा, क्रोध और तो और संतुष्टि तक को भी खुद में समा ले, सबसे बढ़कर है उसकी पिछले कुछ सहस्राब्दियों से जारी तिरस्कार को सहन करने की शक्ति। और इसीलिए, इस सप्ताह की शुरुआत में प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में पवित्र मौनी अमावस्या की रात को गंगा ने 31 और शवों को ज़ज्ब कर लिया – बगल के गांव झूसी में भी सात अन्य शवों को – एक दिन पहले हुई यह भगदड़ हालांकि बहुत छोटी थी। जहां पर कई करोड़ लोग शरीर और आत्मा की शुद्धि के लिए ठीक एक ही समय पर संगम में पवित्र डुबकी लगाएं, वहां 38 जिंदगियां कहां गिनती में। योगी आदित्यनाथ ने अभी भी मृतकों की उस गिनती की पुष्टि नहीं की है जो उनकी पुलिस बता रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने शोक संतप्त परिवारों को दिलासा दिया है। विश्व हिंदू परिषद के वैश्विक प्रमुख आलोक कुमार का कहना है कि इसमें भी 'प्रभु की इच्छा' है। समस्या यह है कि विश्व हिंदू परिषद का नेता सही है। पिछले कुछ दिनों से गंगा किनारे के आश्रमों और अखाड़ों में तीर्थयात्रियों की मौत पर भले ही गहरा दुःख पसरा हो, लेकिन कुल मिलाकर यह भावना अभी भी प्रबल है 'चलो, हो गया। था तो भयानक, लेकिन फिर यह कुंभ है। वह भी कोई साधारण नहीं, बल्कि महाकुंभ। जब लाखों श्रद्धालु एक साथ इतनी छोटी-सी जगह में इकट्ठे प्रार्थना करना चाहते हों, तो किसी भी सरकार को कैसे दोषी ठहराया जा सकता है?' मेरे जैसे लोग आस्थावानों के अडिग भाग्यवाद पर प्रश्न कर सकते हैं, शायद समस्या का यह भी एक हिस्सा है। आप में कुछ अधिक उद्वेलित हुए अपने पैर पटकते हुए मांग कर सकते हैं कि इस मुख्यमंत्री को बर्खास्त करो, उस डीजीपी का तबादला करो। इसके बजाय, मेरा आपसे अनुरोध है कि गर्माइश भरे अपने घरों से बाहर निकलकर निकटतम रेलवे स्टेशन पर पहुंचें, जहां से प्रयागराज के लिए 'कुंभ स्पेशल' रेलगाड़ियां रवाना हो रही हैं। अपने सिर पर खाने-पीने का सामान लादकर ले जाते श्रद्धालु दिखेंगे : सबसे गरीब तबके के लोग, जिनके पास आलम्बन के तौर पर सर्वशक्तिमान में विश्वास के अलावा कुछ भी नहीं है –यह सोचकर कि शायद, किसी दिन, वह उनकी हालत बहुराएगा। रेल के डिब्बे इंसानों से खचाखच भरे हैं, तंबई रंग के चेहरों पर काली, उम्मीद भरी आंखें, सिर पर गमछा बांधे पुरुष, चमकीले रंग की साड़ियां पहने महिलाएं – लाल, नारंगी, गुलाबी – जो कि उर्वरता और मेले के रंग हैं। बेशक, यह तीर्थयात्रा आनंद पाने के लिए भी है। गंगा पर बने पंटून पुलों से होते हुए संगम की ओर जाते वक्त और वहां से वापसी के दौरान 'जय मां गंगे' का जयकारा गूंजता रहता है! वह रेत, जहां बमुश्किल पांच साल पहले, कोविड के भयानक वर्षों के दौरान शवों को दफनाया गया था। उस रेत को सूंघते-खोदते कुत्तों की तस्वीरें आपको याद होंगी। अब परिवार के परिवार उसी रेत पर विश्राम कर रहे हैं, किटकैट चॉकलेट के रैपरों से बनी प्लास्टिक की चादरों पर। गृह मंत्री अमित शाह और उनकी पत्नी, और साथ में योगी भी, सोमवार को संगम में डुबकी लगाने पहुंचे थे। इसलिए शहर को जोड़ते 17 पुलों को पुलिस ने सुरक्षा के नाम पर बंद कर दिया था। असहनीय थकान से चूर, गोद में बच्चा उठाए मांएं और वृद्ध की दृश्यावली है, जो यूपी पुलिस से उन्हें जाने देने की गुहार लगा रहे थे, लेकिन उसने एक न सुनी।
अब उनको 4 किमी. आगे जाकर बने 18वें और 19वें पुल तक और घिसटना पड़ा। पुलिस वालों का कहना था : 'ऊपर से आदेश आया है।' मौनी अमावस्या की भगदड़ से एक छोटा-मोटा राजनीतिक वाक् युद्ध छिड़ गया, जिसमें अखिलेश यादव ने बदइंतजामी का आरोप जड़ा और कहा कि मौतों की बताई जा रही कम संख्या पर उन्हें विश्वास नहीं है, जबकि राहुल गांधी ने 'वीआईपी संस्कृति' के बारे में शिकायत की है, जो आम लोगों के साथ भेदभाव करती है। निश्चित रूप से, अभी भी कई लोग लापता हैं। न्यायिक जांच सच्चाई का पता लगाने की कोशिश करेगी, लेकिन तथ्य यही रहेगा कि उत्तर प्रदेश की राजनीति के महासागर में हलचल मचाने को विपक्षी नेताओं की कही एक भी बात का बूंद बराबर भी असर नहीं है, क्योंकि उन्हें मौजूदा राजनीतिक स्थिति में गंभीर विकल्प के रूप में नहीं देखा जाता। योगी के खिलाफ कोई भी गुस्सा, जैसा कि अब स्पष्ट है, केवल उन गुमनाम भक्तों की ओर से ही आएगा, जिन्हें लगता है कि बहुसंख्यक जनादेश से चुने मुख्यमंत्री ने उनका ख्याल रखने के लिए पर्याप्त नहीं किया। इसके अलावा, आलोचक यह भी कहेंगे कि यह गुस्सा राजनीतिक चुनौती में तब तक तबदील नहीं हो सकता जब तक कि किसी के द्वारा इसे दिशा नहीं दी जाती। यूपी में चाहे ऊपर देखें या नीचे- आज कोई एक ऐसा नेता नहीं है जिसके पास विश्वसनीयता, राजनीतिक कूवत या टिकने का वह माद्दा हो, जो भाजपा का सामना कर सके।
हरियाणा की शानदार जीत ने भाजपा को महाराष्ट्र जीतने के लिए जोश से भर दिया। और अब 5 फरवरी को मतदान के साथ दिल्ली के लिए सबसे महत्वपूर्ण लड़ाई बस होने को है। यह कोई संयोग नहीं है कि प्रधानमंत्री ने संगम में डुबकी लगाने के लिए उसी दिन को चुना है – इसके मायने हैं कि सभी टीवी चैनल मोदी के कुंभ स्नान को बहुत अधिक महत्व देंगे, जिसका अर्थ यह भी है कि दिल्ली के लिए जीवन-मरण की लड़ाई की कवरेज दूसरे स्थान पर सरक जाने का खतरा है। जहां तक प्रयागराज में जीवन और मरण की लड़ाई की बात है, यहां विपक्ष के लिए एक सबक भी है। साल 2022 में, भाजपा ने फिर से यूपी जीता था (समाजवादी पार्टी की 111 सीटों के मुकाबले 255 सीटें लेकर) इस तथ्य के बावजूद कि योगी का प्रशासन कोविड से निपटने में विफल रहा और लोग मक्खियों की तरह मरे थे। लेकिन योगी फिर भी जीत गए क्योंकि कोई विकल्प बनकर प्रस्तुत नहीं हो पाया- समाजवादी पार्टी के कई नेता दिल्ली खिसक लिए तो कुछ लंदन चले गए। महामारी के दौरान गंगा के किनारे पर शव यात्राओं और दाह संस्कारों में अर्थी को कंधा देने के लिए वे वहां मौजूद नहीं थे।
यही कारण है यूपी में सब राम भरोसे है। इसलिए नहीं कि भाजपा हर गांव और शहर में हर वोट के लिए जूझती है, बल्कि इसलिए कि विपक्ष ऐसा नहीं कर पा रहा।

जीवन मंत्र

## पेरेंट्स की ये 3 खराब आदतें बच्चों को बना देती हैं आलसी

कई पेरेंट्स अपने बच्चों की छोटी से छोटी उलझन भी खुद सुलझाने बैठ जाते हैं। ऐसे माता-पिता अपने बच्चों को जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना खुद नहीं करने देते हैं।

माता-पिता की अनजाने में की गई छोटी-छोटी गलतियां कई बार बच्चे के भविष्य को खराब करके उन्हें आलसी बना सकती हैं। बच्चे के व्यक्तित्व को निखारने और खराब करने में कई बार उसके दोस्तों के साथ उसके खुद के पेरेंट्स का भी बहुत बड़ा हाथ होता है। वो माता-पिता ही होते हैं, जो सबसे पहले अपने बच्चों में अच्छे संस्कारों की नींव रखते हैं। लेकिन अगर माता-पिता के आलस या नासमझी की वजह से ये नींव कमजोर पड़ जाती है तो उसका भुगतान बच्चा उम्र भर आलसी बनकर करता रहता है। आइए जानते हैं पेरेंटिंग से जुड़ी ऐसी ही 3 गलतियों के बारे में, जो बच्चे को आलसी बना देती है।
कई पेरेंट्स अपने बच्चों को लेकर एक्स्ट्रा पोजेसिव होते हैं। ऐसे पेरेंट्स स्कूल से लेकर खेल-कूद से जुड़ा बच्चे का हर काम खुद ही करने लग जाते हैं। जिसकी वजह से बच्चे को ना तो अपना काम खुद करने का मौका मिलता है और ना ही वो जीवन में कुछ नया सीख पाता है। कुछ समय बाद बच्चे को यही काम करने में आलस महसूस होने लगता है और वो इन



कामों को करने से जी चुराता है। ऐसे में पेरेंट्स को चाहिए कि वो बच्चे को उसका काम खुद करने दें, जरूरत पड़ने पर उसकी मदद जरूर करें, लेकिन खुद से उसका काम ना करने लग जाएं। कई पेरेंट्स अपने बच्चों की छोटी से छोटी उलझन भी खुद सुलझाने बैठ जाते हैं। ऐसे माता-पिता अपने बच्चों को जीवन में आने वाली कठिनाइयों का सामना खुद नहीं करने देते हैं। जिससे उनके भीतर का आत्मविश्वास कमजोर होने लगता है। ऐसे बच्चे बड़े होकर भी अपने जीवन से जुड़ा कोई भी बड़ा फैसला खुद नहीं ले पाता है और माता-पिता पर पूरी तरह निर्भर बने रहे हैं। ऐसे में माता-पिता को चाहिए कि बच्चों को कभी-कभी संघर्ष करने का मौका दें। जिससे वे समस्याओं का समाधान खुद ढूंढ सकें और आत्मनिर्भर बन सकें।
कई पेरेंट्स खुद ही अपना ज्यादातर समय टीवी और फोन पर रील्स देखने में गुजारते हैं, जिसे देखकर बच्चा भी पढ़ाई से मन हटाकर उन्हें कॉपी करने लगता है। जिससे बच्चे का काफी समय खराब होने के साथ उसकी आंखों को भी नुकसान पहुंचता है। पेरेंट्स को चाहिए कि वो बच्चे के सामने कम से कम मोबाइल देखें, जितना फ्री समय मिले, उसे अपने बच्चे की समस्याओं को सुनने में लगाएं।

जीवन ऊर्जा

पंडित भीमसेन जोशी : जन्म- 4 फरवरी, 1922 | जन्म

## सुर और लय में गाया जाने वाला संगीत ही दिल को छूता है

कर्नाटक के 'गड़ग' में 4 फरवरी, 1922 ई. को भीमसेन जोशी का जन्म हुआ था। उनके पिता 'गुरुराज जोशी' स्थानीय हाई स्कूल के हेडमास्टर और कन्नड़, अंग्रेज़ी और संस्कृत के विद्वान थे। उनके चाचा जी.बी जोशी चर्चित नाटककार थे तथा उन्होंने धारवाड़ की मनोहर ग्रन्थमाला को प्रोत्साहित किया था। उनके दादा प्रसिद्ध कीर्तनकार थे। पंडित भीमसेन जोशी किराना घराने के महत्त्वपूर्ण शास्त्रीय गायक थे। उन्हें पद्म विभूषण, पद्म भूषण, पद्मश्री समेत कई अलंकरण और सम्मान दिए जा चुके थे। पंडित भीमसेन जोशी का देहान्त 25 जनवरी 2011 को हुआ।

जीवन ईश्वर के अस्तित्व के बारे में पूछा गया एक प्रश्न है। संसार ईश्वर का दरबार है। अपराधी ईश्वर है, दंड देने वाला ईश्वर है, आदमी सजा काटता है। बुद्धि से रहित अस्तित्व की कल्पना करना असंभव है। मानवता अपराध है, भगवान अपराधी है। मेरे जीवन की सबसे बुनियादी त्रासदी यह है कि जिन्हें मैं देखता हूं वे मौजूद नहीं हैं और जो मौजूद है मैं उन्हें नहीं देखता। यह अत्यंत दुखदायी है कि मैं गुलाम हूं, लेकिन यह अत्यंत खुशी की बात है कि मैं ईश्वर का दास हूं, शैतान का नहीं। शादी के बाद पति-पत्नी एक सिक्के के दो पहलू बन जाते हैं, वे बस एक दूसरे का सामना नहीं कर सकते, लेकिन फिर भी वे एक साथ रहते हैं। विज्ञान का लक्ष्य मूलभूत वास्तविकता को समझना है और प्रौद्योगिकी का लक्ष्य उस वास्तविकता को बदलना है। पिछले दार्शनिकों की विफलता काफी हद तक स्वयं स्पष्ट देखने में विफलता है। ईश्वर एक दार्शनिक ब्लैक होल है, वह बिंदु जहां कारण टूट जाता है। जीवन



में सफलता पाने की तीन ही मुख्य शर्तें हैं एक तो गुरु अच्छा मिलना चाहिए, दूसरा खुद के द्वारा किया गया प्रयत्न अच्छा होना चाहिए तब जाकर अंत में कहीं तकदीर या किस्मत रंग लाती है। गायक हों या अभिनेता अपनी कला का पुनरावलोकन करने की काबिलियत नहीं रखते हैं। बड़े-बड़े विद्वान होते हैं, लेकिन उनकी कला या ज्ञान का लोगों पर कोई असर नहीं होता है। अच्छा गाना वहीं होता है, जो सुर और लय में गाया गया हो और सुर और लय में गाया जाने वाला संगीत ही दिल को छूता है।
एक राजनेता का मन साफ होना चाहिए और इस मन को साफ करने की दवा संगीत है। तकदीर तभी कामयाबी तक पहुंचने में मदद करती है, जब आपका प्रयास पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ होता है।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



## 14 प्रकार के व्यक्ति जो मरे हुए के समान हैं

(भाग 2)

**अत्यंत वृद्धः** अत्यंत वृद्ध व्यक्ति भी मरे हुए के समान है, किन्तु वो अक्षम और दूसरों पर आश्रित हो जाता है। उसकी शक्ति और बुद्धि दोनों अक्षम हो जाते हैं और परिवार वाले भी उसकी मृत्यु की कामना ताकि उसे उस कष्ट से मुक्ति मिल सके।





पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

**सदा का रोगीः** ऐसा व्यक्ति जो हमेशा किसी ना किसी रोग से ग्रस्त रहता हो वो भी मरे हुए के समान ही है। सदा व्याधि से घिरा व्यक्ति कभी जीवन का कोई आनंद नहीं उठा सकता और स्वयं ही मुक्ति की कामना करने लगता है।
**सदा का क्रोधीः** सदैव क्रोध में रहने वाले की मति भ्रष्ट हो जाती है और वो सही और गलत में अंतर नहीं कर पाता। छोटी छोटी बात पर क्रोधित होने वाला व्यक्ति कभी प्रसन्न नहीं रहता और उसका मन कभी भी उसके वश में नहीं रहता। वो दूसरों से अधिक स्वयं का ही अहित करता है।
**विष्णु विमुखः** जो व्यक्ति श्रीहरि से विमुख रहता हो उसके जीवन का भी कोई महत्त्व नहीं है, क्यूंकि श्रीहरि ही भवसागर से तारने वाले हैं। विष्णु द्रोही का कभी भी हित नहीं हो सकता और संसार में कोई भी उसकी रक्षा नहीं कर सकता। जिस प्रकार विष्णु द्रोही होने कारण रावण भी अंततः मृत्यु को प्राप्त हुआ।
**वेद और संतों का विरोधीः** जो व्यक्ति वेदों और संतों का अपमान करता है उसका भी कल्याण नहीं हो सकता। वेद और संत दोनों समाज को सही मार्ग में ले जाने वाले हैं और उसका विरोध कर कोई भी सुरक्षित नहीं रह सकता।
**केवल अपना ही पोषण करने वालाः** ऐसा व्यक्ति जिसके जीवन का लक्ष्य केवल अपने ही शरीर का पोषण करना हो उसके जीवन का भी कोई मूल्य नहीं है। ऐसे व्यक्ति सदैव सोचते हैं कि हर चीज पहले उन्हें ही मिल जाये। वे कभी भी किसी का कल्याण नहीं कर सकते और ना ही उनका कभी कल्याण हो सकता है।
**पर निंदकः** जो सदैव दूसरों की निंदा करता हो उसका कोई भविष्य नहीं होता। ऐसे व्यक्ति सदैव दूसरों में दोष देखते हैं और स्वयं के दोषों को समझ कर उसका निवारण करने में असमर्थ रहते हैं।
**पाप की खानः** जो व्यक्ति सदैव पाप कर्म में लिप्त रहता हो और पाप के कर्म से अपने परिवार का पालन करता हो वो भी कभी सुखी नहीं हो सकता। जो व्यक्ति अपने श्रम से कमाए गए धन से अपना और अपने परिवार का पोषण ना करता हो वो मृत ही है।

अपने विचार

'महाकुंभ में हुई घटना की जांच चल रही है। जांच से साजिश की बू आ रही है। जब पूरी जांच हो जाएगी तो घटना के पीछे जो लोग थे, उन्हें शर्म से सिर झुकाना पड़ेगा।'



**-रविशंकर प्रसाद**, भाजपा सांसद

एकनाथ शिंदे को डर है कि उनके फोनों की टैपिंग होने के साथ ही दिल्ली की एजेंसियां उनकी हर मूवमेंट पर नजर बनाए हुए हैं।



**-संजय राउत ,** सांसद ,शिवसेना(उद्धव ठाकरे गुट)

हम बेरोजगारी की समस्या को सुलझा नहीं पाए हैं, न तो संप्रग सरकार बेरोजगारी को लेकर युवाओं को कोई स्पष्ट जवाब दे पाई और ना ही राजग सरकार कुछ कर पाई मेरी इस बात से प्रधानमंत्री भी सहमत होंगे।"



**-राहुल गांधी**, नेता प्रतिपक्ष

भाजपा ने अयोध्या में विकास के नाम पर लोगों से जमीनें छीनी और लोगों को मुआवजा नहीं दिया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जब सपा की सरकार बनेगी तो हम अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे।



**-अखिलेश यादव,** सपा अध्यक्ष

अपने विचार
डीबीडी कार्यालय
ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001
indiagroundreport@gmail.com
भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज़िमेदार)।

# वागले पुलिस थाने ने चलाया अनोखा स्वच्छता अभियान

## सप्ताह में एक दिन पुलिसकर्मी और अधिकारी मिलकर करते हैं सफाई

धर्मेंद्र उपाध्याय । ठाणे

पुलिस न केवल सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में अहम भूमिका निभाती है, बल्कि स्वच्छता को भी प्राथमिकता दे रही है। वागले पुलिस थाना इस दिशा में मिसाल पेश कर रहा है, जहां हर सप्ताह एक दिन पुलिस अधिकारी और कर्मी खुद थाने परिसर की सफाई करते हैं।



### स्वच्छता की अनूठी पहल

वागले इस्टेट, जो कभी एशिया का सबसे बड़ा लघु औद्योगिक क्षेत्र था, अब ऑफिस और हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में बदल चुका है। हालांकि, वागले पुलिस थाना अब भी अपनी पुरानी स्थिति में बना हुआ है। यहाँ आसपास फैले विशालकाय पेड़ों की टहनियों, पत्तों के गिरने और प्लास्टिक-कचरे से गंदगी की समस्या उत्पन्न होती है। इसी को ध्यान में रखते हुए, थाने में साप्ताहिक स्वच्छता अभियान शुरू किया गया है।

### पुलिसकर्मी खुद उठा रहे झाड़ू

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक शिवाजी गवारे ने बताया कि पुलिस हर शनिवार या रविवार को थाने परिसर की सफाई करती है। इस अभियान को पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के निर्देशानुसार शुरू किया गया है। उनका कहना है कि "थाने के क्षेत्र को खुला और स्वच्छ बनाने के लिए यह प्रयास किया जा रहा है।

### सफाई के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल

यह अभियान स्वच्छता को बढ़ावा देने और पुलिस कर्मियों में जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का एक प्रयास है। इससे न केवल थाना परिसर साफ-सुथरा रहेगा, बल्कि सफाई के प्रति नागरिकों में भी जागरूकता फैलेगी।

# वन अधिकार दावों को लेकर श्रमजीवी संघटना का ठय्या आंदोलन शुरू

शरीफ अंसारी । भिवंडी

जिले के हजारों आदिवासी समुदाय के सदस्यों द्वारा वन अधिकार दावों के लंबित मामलों को लेकर सोमवार को भिवंडी उप-विभागीय अधिकारी कार्यालय के सामने श्रमजीवी संघटना के नेतृत्व में ठय्या आंदोलन शुरू किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों आदिवासी पुरुषों और महिलाओं ने हिस्सा लिया।



### वन अधिकार दावों की स्थिति

- ठाणे जिले की जिला समिति को कुल 17,212 वन अधिकार दावे प्राप्त हुए। इनमें से 6,538 दावे स्वीकार कर लिए गए।
- 8,804 दावे खारिज कर दिए गए।
- 1,870 दावे अभी भी लंबित हैं।
- भिवंडी और शाहपुर तालुकों के 756 दावे भिवंडी उप-विभागीय समिति के पास लंबित हैं।
- भिवंडी उपखंड के आदिवासियों के 2,845 दावे खारिज किए गए।

### आंदोलनकारियों की मांगें

- वन अधिकार समिति के पास लंबित दावों का त्वरित निपटारा किया जाए और उचित पात्रता वाले सभी आवेदकों को अधिकार पत्र दिए जाएं। अस्वीकृत दावों की पुनः समीक्षा की जाए और उन्हें उप-विभागीय समिति को भेजकर उचित सुनवाई कराई जाए।
- 2 फरवरी 2024 के सरकारी निर्णय के अनुसार, अधिनियम की धारा 3(2) के तहत वन भूमि में ग्राम स्थल उपलब्ध कराया जाए।
- आदिम कटकारी बस्तियों की गणना कर उन्हें उचित अधिकार दिए जाएं। गांव के आदिवासियों को उनके पारंपरिक वन अधिकार तुरंत दिए जाएं।

### प्रमुख नेतृत्व और भागीदारी

इस आंदोलन का नेतृत्व श्रमजीवी संघटना के महासचिव बलराम भोईर, प्रदेश उपाध्यक्ष दत्तात्रय कोलेकर, जिला अध्यक्ष अशोक साप्ते, पदाधिकारी दशरथ भालके, सुनील लोन, सागर देसाक, राजेंद्र म्हसकर, आशा भोईर, तानाजी लहांगे और प्रकाश खोडका ने किया।

### धरने पर डटे आदिवासी समुदाय

प्रदर्शनकारी अपने परिवार सहित आंदोलन स्थल पर डटे हुए हैं और उन्होंने वहां लकड़ी चीरकर चूल्हा जलाने की तैयारी कर ली है, जिससे यह स्पष्ट होता है कि आंदोलन अनिश्चितकालीन हो सकता है। श्रमजीवी संघटना ने वन अधिकारों की बहाली तक संघर्ष जारी रखने का ऐलान किया है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस आंदोलन को लेकर क्या कदम उठाता है और आदिवासी समुदाय को उनका हक कब तक मिलता है।

### वन अधिकारों की लड़ाई और श्रमजीवी संघटना की भूमिका

श्रमजीवी संघटना पिछले 40 वर्षों से वन अधिकारों के लिए आंदोलन कर रही है। संघटना के प्रयासों से अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन अधिकार अधिनियम, 2006 और नियम 2008 संशोधन 2012 अस्तित्व में आया। इस कानून के तहत आदिवासी समुदाय को उनके पारंपरिक वन भूमि अधिकार दिए जाने चाहिए, लेकिन अब तक कई पात्र दावेदारों को उनका हक नहीं मिल पाया है। श्रमजीवी संघटना के महासचिव बलराम भोईर ने इस पर नाराजगी जताते हुए कहा कि अब तक उन्हें न्याय नहीं मिला है। इससे पहले भी वे ठाणे और पालघर जिला कलेक्टरेट कार्यालयों के सामने 13 और 11 दिनों तक धरना प्रदर्शन कर चुके हैं। उन्होंने इस बार निर्णायक न्याय मिलने तक संघर्ष जारी रखने की घोषणा की है।

# उत्तर-पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल में ब्लॉक

## पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें होंगी प्रभावित

**मुंबई/जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से संबंधित विभिन्न कार्यों के कारण 25 फरवरी से 01 मई, 2025 तक 66 दिनों का ब्लॉक लिया जाएगा। इस ब्लॉक के कारण पश्चिम रेलवे की कुछ ट्रेनें आंशिक रूप से निरस्त रहेंगी, जबकि कुछ ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन/विस्तार किया जाएगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने इसकी जानकारी दी।



### आंशिक रूप से निरस्त होने वाली ट्रेनें

17 मार्च से 28 अप्रैल, 2025 तक चलने वाली ट्रेन संख्या 22933 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस सांगानेर में शॉर्ट टर्मिनेट होगी तथा सांगानेर और जयपुर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी। 18 मार्च से 29 अप्रैल, 2025 तक चलने वाली ट्रेन संख्या 22934 जयपुर-बांद्रा टर्मिनस साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस सांगानेर से शॉर्ट ओरिजिनेट होगी तथा जयपुर और सांगानेर के बीच आंशिक रूप से निरस्त रहेगी।

### ट्रेनों का विस्तार

17 मार्च से 28 अप्रैल, 2025 तक चलने वाली ट्रेन संख्या 20951 ओखा-जयपुर साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस को खातीपुरा स्टेशन तक विस्तारित किया गया है। ट्रेन संख्या 20952 जयपुर-ओखा साप्ताहिक सुपरफास्ट एक्सप्रेस 18 मार्च से 29 अप्रैल , 2025 तक खातीपुरा स्टेशन से ओरिजिनेट होगी।

### परिवर्तित मार्ग से चलने वाली ट्रेनें

16 मार्च से 30 अप्रैल, 2025 तक चलने वाली ट्रेन संख्या 14702 बांद्रा टर्मिनस – श्री गंगानगर अरावली एक्सप्रेस को फुलेरा और रींगस के रास्ते चलाया जाएगा। इसलिए यह ट्रेन रेनवाल स्टेशन पर रुकेगी। 16 मार्च से 30 अप्रैल, 2025 तक चलने वाली ट्रेन संख्या 14701 श्री गंगानगर – बांद्रा टर्मिनस अरावली एक्सप्रेस को रींगस और फुलेरा के रास्ते चलाया जाएगा।

# जीएम मोमिन वीमेंस कॉलेज की टीम को वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार

**भिवंडी।** भिवंडी पूर्व विधानसभा के विधायक रईस शेख द्वारा आयोजित द्वितीय जश्न-ए-तालीम समारोह के अवसर पर अंसारी सफिया गर्ल्स हाई स्कूल में विभिन्न शैक्षिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों के बीच "सोशल मीडिया" विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में वाईसीएमओयू नासिक द्वारा संचालित जीएम मोमिन वीमेंस कॉलेज स्टडी सेंटर की बीए तृतीय वर्ष की छात्राएं खान सौदह रईस और शेख आलिया मोहम्मद ने भाग लिया। उनकी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

### अध्यापकों का मार्गदर्शन और सम्मान





छात्राओं को इस सफलता तक पहुंचाने में सोफिया मोमिन और साजिद अनवर अंसारी सर ने विशेष मार्गदर्शन किया। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर केएमई सोसाइटी के अध्यक्ष अलमाज फकीह, सचिव दानियाल काजी, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे सहित सोसाइटी के सभी पदाधिकारी एवं सदस्यगण, प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी, वाईसीएमओयू स्टडी सेंटर प्रभारी सफा आगा, समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी तथा सभी स्टाफ सदस्यों ने विजेता छात्राओं और मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी।

# प्रसिद्ध डेवलपर्स के विभिन्न विकल्पों पर विचार

- सपनों का घर खरीदने का अनोखा अवसर
- जितेंद्र मेहता, अध्यक्ष, क्रेडाई-एमसीएचआई, ठाणे

**मुंबई/ठाणे।** ग्राहकों को प्रसिद्ध डेवलपर्स द्वारा लॉन्च की गई विभिन्न विशाल और पूरी तरह से सुसज्जित आवास परियोजनाओं में सैकड़ों घर विकल्पों के माध्यम से ब्राउज़ करके अपने सपनों का घर खरीदने का एक अनूठा अवसर मिलेगा। 'क्रेडाई-एमसीएचआई, ठाणे' की ओर से ठाणे के कोलशेत रोड स्थित हाईलैंड गार्डन में 7 से 10 फरवरी तक आयोजित होने वाले भव्य ठाणे प्रॉपर्टी प्रदर्शनी-2025 में सुनियोजित आवास परियोजनाओं की जानकारी उपलब्ध होगी। क्रेडाई-एमसीएचआई, ठाणे के अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने बताया कि इस प्रदर्शनी में ग्राहकों को एक ही स्थान पर नामी डेवलपर्स, बिल्डर्स और ऋण देने वाली संस्थाओं के भव्य हॉल में आकर्षक योजनाएं और आवास परियोजनाएं मिल सकेंगी।



### ग्राहकों को क्रेडाई-एमसीएचआई, ठाणे परियोजना का दौरा क्यों करना चाहिए?

- घरों की विविध रेंज: इस संपत्ति प्रदर्शनी में किफायती कीमतों पर अपार्टमेंट, विला, रो हाउस और वाणिज्यिक स्थान प्रदर्शित किए जाएंगे। आपको प्रत्येक आवास परियोजना की विभिन्न विशेषताओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी मिलेगी। इसलिए, ग्राहक विभिन्न विकल्पों में से सर्वोत्तम घर चुन सकते हैं।
- प्रसिद्ध डेवलपर्स और बिल्डरों का समावेश: ठाणे शहर और आसपास के क्षेत्रों के प्रसिद्ध डेवलपर्स और बिल्डरों ने इस प्रदर्शनी में भाग लिया है, और ग्राहक उनकी आधिकारिक और विश्वसनीय परियोजनाओं को देख सकेंगे। इन परियोजनाओं के साथ-साथ भविष्य की आवासीय एवं व्यावसायिक परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। इससे ग्राहकों को कई विकल्प मिलेंगे।
- विशेष योजनाएं और छूट: अधिकांश डेवलपर्स और बिल्डर्स इस प्रदर्शनी में कीमतों पर विशेष छूट की पेशकश करेंगे। इसके अतिरिक्त, ग्राहक अपने घर के लिए डेवलपर या डेवलपर प्रतिनिधि से सीधे संवाद कर सकते हैं। इससे उपभोक्ताओं को घर खरीदने पर पैसे बचाने में मदद मिलेगी।

विशेषज्ञ मार्गदर्शन और सलाह: क्रेडाई-एमसीएचआई, ठाणे के अनुभवी सदस्य और निर्माण उद्योग के विशेषज्ञ घर खरीदने में रुचि रखने वाले ग्राहकों को मार्गदर्शन और सलाह प्रदान करेंगे। आप घर जैसी संपत्ति खरीदने के लिए आवश्यक कानूनी, वित्तीय और तकनीकी मुद्दों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इससे घर खरीदने की प्रक्रिया आसान हो जाएगी।

- ग्राहकों के लिए सुविधा और समय की बचत: 'क्रेडाई-एमसीएचआई, ठाणे' की संपत्ति प्रदर्शनी देखने के बाद, प्रसिद्ध डेवलपर्स और ऋणदाता संस्थानों की आवास परियोजनाओं का विकल्प एक ही स्थान पर उपलब्ध होगा। इससे ग्राहकों को घर ढूंढते समय समय बचाने में मदद मिलेगी।

क्रेडाई-एमसीएचआई, ठाणे, ठाणे और आसपास के क्षेत्रों में घर खरीदने के इच्छुक उपभोक्ताओं और परिवारों के लिए एक बढ़िया विकल्प है, जहां वे एक ही स्थान पर विभिन्न आकर्षक आवास परियोजनाओं, रियायती ऋण योजनाओं आदि का लाभ उठा सकते हैं। यदि ग्राहक इस प्रदर्शनी को देखेंगे तो उनका समय बचेगा। साथ ही, उनके सपनों के घर का सपना भी साकार होगा।आप हमारी वेबसाइट: http://Www.credaimchi.com पर भी जानकारी ले सकते हैं।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष** — कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। जीवनसाथी से सामंजस्य बैठाएं। भूमि व भवन की खरीद-फरो्ख्त की योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। निवेश शुभ रहेगा। लंबी यात्रा का मन बनेगा।

**वृषभ** — प्रभावशाली व्यक्तियों का सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आय में वृद्धि होगी। रुके कार्यों में गति आएगी। किसी मांगलिक कार्य में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मिथुन** — वाहन व मशीनरी के प्रयोग में लापरवाही न करें। क्रोध व उत्तेजना से बाधा उत्पन्न होगी। नियंत्रण रखें। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। दूसरों के काम में दखल न दें। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**कर्क** — पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बन सकता है। मनपसंद भोजन का आनंद प्राप्त होगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। पठन-पाठन व लेखन आदि में मन लगेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। मस्तिष्क पीड़ा हो सकती है। यात्रा मनोरंजक रहेगी।

**सिंह** — देव-दर्शन का कार्यक्रम बनेगा। अध्यात्म में रुचि रहेगी। वरिष्ठजनों का सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यवसाय से मनोनुकूल लाभ होगा। प्रभावशालीव व्यक्तियों से परिचय बढ़ेगा।

**कन्या** — किसी अपरिचित की बातों में न आएं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। व्यवस्था में अधिक प्रयास करना पड़ेंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। किसी झगड़े में न पड़ें। व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी।

**तुला** — भागदौड़ रहेगी। किसी व्यक्ति के व्यवहार से दिल को ठेस पहुंच सकती है। बनते काम बिगड़ सकते हैं, धैर्य रखें। प्रयास अधिक करना पड़ेंगे। आय में निश्चितता रहेगी। बुद्धि का प्रयोग करें। किसी के उकसावे में न आएं।

**वृश्चिक** — घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। प्रसन्नता रहेगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास बना रहेगा। नौकरी व व्यवसाय मनोनुकूल लाभ देंगे

**धनु** — सामाजिक कार्य करने का अवसर प्राप्त होगा। मान-सम्मान मिलेगा। निवेश शुभ रहेगा। यात्रा की योजना बनेगी। नौकरी में कार्य की प्रशंसा होगी। आय में वृद्धि होगी। मातहतों का सहयोग मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता बनी रहेगी।

**मकर** — प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक लाभ बढ़ेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नए कार्य प्रारंभ करने की योजना बनेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध करने का अवसर दूसरों को न दें।

**कुंभ** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। सभी ओर से सफलता प्राप्त होगी। भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। व्यस्तता के चलते थकान महसूस होगी। विवेक से कार्य करें। लाभार्जन सहज होगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**मीन** — यात्रा मनोरंजक रहेगी। नई योजना बनेगी। व्यवसाय में वृद्धि के लिए सभी ओर से सहयोग प्राप्त होगा। नौकरी में मातहतों का सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। प्रसन्नता में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा।

# जानें विभिन्न भावों से शुक्र के प्रभाव

**पहला भाव -** आप सुंदर दिखने वाले और आकर्षक व्यक्तित्व वाले होंगे। आप अपनी शालीनता और सामाजिक कौशल से दूसरों को सहजता से आकर्षित करते हैं। रिश्ते बहुत महत्वपूर्ण हैं। आपका आत्म-सम्मान प्रेम और सुंदरता से आता है। रचनात्मक करियर अपनाएँ ।

**दूसरा भाव -** आप आराम और विलासिता को महत्व देते हैं। आपके पास साझेदारी, निवेश, कला या संपत्ति के माध्यम से पैसा बनाने का हुनर है। आप अपने लिए धन आकर्षित करते हैं। आपकी सुरक्षा की भावना रिश्तों से आती है। अपने खाने की आदतों और आत्म-सम्मान का ख्याल रखें।

**तीसरा घर -** आप एक बेहतरीन संचारक हैं और सीखने का आनंद लेते हैं। भाई-बहन एक भूमिका निभाते हैं। आप कूटनीति और निष्पक्षता को महत्व देते हैं। लेखन, कला, शिक्षा का अनुसरण करें। माइग्रेन जैसी तंत्रिका तंत्र संबंधी समस्याओं का ध्यान रखें।

**चौथा भाव -** आपकी अपनी माँ के साथ प्रेमपूर्ण रिश्ता है। घर आपका आश्रय



प्रियंका जैन
9769994439

स्थल है। आप पारिवारिक परंपराओं और सुरक्षा को महत्व देते हैं। रियल एस्टेट, इंटीरियर डिज़ाइन, पाक कला में आगे बढ़ें। अपने पाचन स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**5वां घर -** आप स्वाभाविक रूप से रचनात्मक हैं और रोमांस का आनंद लेते हैं। बच्चे आपको खुशी देते हैं। आप मनोरंजन, सट्टेबाज़ी, जुए के ज़रिए सफलता प्राप्त करते हैं। थिएटर, फ़िल्म, पेंटिंग में आगे बढ़ें। दिल की बीमारियों का ख्याल रखें ।

**6वां घर -** आप काम पर सामंजस्य को महत्व देते हैं। सहकर्मी मित्र बन जाते हैं। आपकी नज़र सुंदरता, कला, सौंदर्यशास्त्र पर है। चिकित्सा कला, सेवाएँ, सौंदर्य उद्योग में आगे बढ़ें। अपनी दिनचर्या और स्वास्थ्य संबंधी आदतों का ध्यान रखें।

**7वां घर -** साझेदारी आपके उद्देश्य को परिभाषित करती है। आप आकर्षण, अनुग्रह, कूटनीति के माध्यम से आकर्षित करते हैं। परामर्श, कानून, सार्वजनिक बिक्री में संलग्न हों। अत्यधिक भोग-विलास से लीवर, किडनी संबंधी समस्याओं का ध्यान रखें।

**8वां घर -** आप दिखावटी रिश्तों से ज़्यादा अंतरंगता को महत्व देते हैं। आप जीवनसाथी/साथी से धन/विरासत प्राप्त करते हैं। रहस्य, शोध, वित्त का अनुसरण करें। प्रजनन स्वास्थ्य, तनाव-संबंधी बीमारियों का ध्यान रखें।

**9वां घर -** आपको यात्रा या अध्ययन के माध्यम से नए दर्शन, संस्कृतियों की खोज करने में मज़ा आता है। भाई-बहन आपको सिखा सकते हैं। प्रकाशन, कानून, यात्रा उद्योग में आगे बढ़ें। अपनी विश्वास प्रणालियों का ख्याल रखें।

**10वां घर -** आप रचनात्मकता, आकर्षण, रिश्तों के माध्यम से सफलता प्राप्त करते हैं। कला, लक्जरी ब्रांड, सौंदर्य उद्योग, पीआर में आगे बढ़ें। करियर की सफलता से जुड़े अपने आत्म-मूल्य का ख्याल रखें।

**11वां घर -** आप सहायक मित्रों और सामाजिक मंडलियों को आकर्षित करते हैं। आप समुदाय, नेटवर्किंग को महत्व देते हैं। नेटवर्किंग, समूह, कारण-आधारित करियर को आगे बढ़ाएँ। अत्यधिक सामाजिकता से होने वाली फेफड़ों की बीमारियों का ख्याल रखें।

**12वां भाव -** आप एकांत में रहकर आध्यात्मिक साधना करना पसंद करते हैं। आप करुणा और एकांत को महत्व देते हैं। उपचार कलाओं में संलग्न हों, हाशिए पर पड़े लोगों की सेवा करें। एकांत में अपने मानसिक स्वास्थ्य का ख्याल रखें।

न्यूज़ ब्रीफ

## फरवरी में अप्रैल सा अहसास करा रहा मौसम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रही पुरवाई और तीखी धूप मिलकर फरवरी में अप्रैल की गर्मी का अहसास करा रहे हैं। धूप इतनी तल्ख होने लगी है कि अभी से लोग दिन में गर्मियों के कपड़ों में आ गए हैं और पंखों की जरूरत महसूस होने लगी है। बदले हुए मौसम के बीच प्रदेश में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों में सोमवार की देर रात से हल्की से मध्यम बारिश के संकेत हैं। पश्चिम में बूंदाबांदी का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहने का पूर्वानुमान है। इसके बाद दिन व रात के पारे में हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए प्रदेश के 14 जिलों में गरज चमक संग वज्रपात की चेतावनी जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि नए सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पूर्वा हवाएं अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर पश्चिम में बारिश कराएंगी। इस दौरान राजधानी लखनऊ में भी बादलों की आवाजाही देखने को मिल सकती है। बुधवार से दिन व रात के पारे में हल्की गिरावट के आसार हैं।

## मणिकर्णिका घाट की बदलेगी डिजाइन



**वाराणसी।** मणिकर्णिका घाट की डिजाइन बदलेगी। यहां 22 की जगह अब शवों के लिए 18 प्लेटफॉर्म बनेंगे। निर्माण कार्य शुरू होने से पहले मिट्टी की जांच कराई गई। इसकी रिपोर्ट के आधार पर डिजाइन को लेकर विशेषज्ञों की राय ली जा रही है। मणिकर्णिका घाट पर बनने वाले अत्याधुनिक शवदाह गृह के निर्माण की डिजाइन में बदलाव किया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञों की राय ली जा रही है। यहां पर पहले 22 शवों को जलाने के लिए प्लेटफॉर्म बनाए जाने थे, लेकिन गंगा किनारे की मिट्टी दलदली होने के कारण अब 18 प्लेटफॉर्म बनाने पर सहमति जताई गई है।

## दिल्ली से बागपत लिए एलिवेटेड सड़क पूरी तरह से रहेगी टोल फ्री

**बागपत।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे के अक्षरधाम से खेकड़ा तक के हिस्से को दिसंबर 2023 में शुरू कराया जाना था, मगर यह परियोजना एक साल से अधिक समय की देरी से चल रही है। मगर यह रोड सुविधाओं से लैस है। खेकड़ा में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे से दिल्ली के अक्षरधाम तक एलिवेटेड सड़क पूरी तरह से आधुनिक बनाई गई है। सौर ऊर्जा से लाइटें जलेंगी तो हाईटेक कैमरे भी लगाए गए हैं। इसमें सबसे बड़ी बात यह होगी कि बागपत के लिए यह एलिवेटेड सड़क पूरी तरह से टोल फ्री रहेगी। खेकड़ा में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस वे से दिल्ली के अक्षरधाम तक एलिवेटेड सड़क पूरी तरह से आधुनिक बनाई गई है।

# बिहार के इन 5 स्टेशनों पर जल्द मिलेंगी हाईटेक सुविधाएं




### 1555 करोड़ रुपए से हो रहा काम

एजेंसी । पटना

बिहार में अमृत भारत स्टेशन परियोजना के तहत कई महत्वपूर्ण स्टेशनों के पुनर्विकास का काम तेजी से चल रहा है। इस परियोजना के तहत यात्रियों को आधुनिक और विश्वस्तरीय सुविधाएं देने का लक्ष्य रखा गया है। इनमें से गया, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, सीतामढ़ी और दरभंगा स्टेशनों का 1555 करोड़ रुपये की लागत से कायाकल्प किया जा रहा है। जल्द ही इन स्टेशनों पर हाईटेक सुविधाएं मिलनी शुरू हो जाएंगी।

### ये हैं पांच स्टेशन

**गया स्टेशन**

गया स्टेशन के पश्चिमी छोर पर प्रवेश-निकास भवन का निर्माण तेजी से चल रहा है। ईस्ट डिपार्चर भवन का ढांचागत कार्य पूरा हो चुका है, जबकि फिनिशिंग का काम अभी जारी है। पूर्वी पिलग्रिम भवन पर भी काम चल रहा है। मल्टी लेवल बाइक पार्किंग का निर्माण पूरा हो चुका है। पीएफ के ऊपर कॉनकोर्स फाउंडेशन और कॉलम का काम प्रगति पर है। इस स्टेशन के पुनर्निर्माण पर 296 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

**मुजफ्फरपुर स्टेशन**

मुजफ्फरपुर स्टेशन पर मुख्य स्टेशन भवन और सेकेंड एंट्री-एग्जिट भवन का निर्माण कार्य चल रहा है। द्वितीय प्रवेश-निकास भवन के फ्रेम स्ट्रक्चर का काम पूरा हो चुका है और ईंटों का काम चल रहा है। उत्तरी तरफ स्काईवॉक की पाइलिंग पूरी हो चुकी है और पाइल कैप का काम चल रहा है। संयुक्त टर्मिनल भवन का संरचनात्मक निर्माण पूरा हो चुका है और फिनिशिंग का काम चल रहा है। सीटीबी के एफओबी के लिए पाइल और पाइल कैप का काम पूरा हो चुका है और पेडेस्टल का काम चल रहा है। सीओपी कॉलम निर्माण, एलिवेटेड रोड फाउंडेशन और पियर का काम भी चल रहा है। इस स्टेशन के पुनर्निर्माण पर 442 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

**बापूधाम मोतिहारी स्टेशन**

सेकंड एंट्री साइड डिपार्चर बिल्डिंग अराइवल बिल्डिंग पाइल और पाइल कैप का काम पूरा हो चुका है और कॉलम कास्टिंग का काम प्रगति पर है। मेन साइड स्टेशन बिल्डिंग में पाइल का काम प्रगति पर है। अस्थायी पीआरएस बिल्डिंग का काम पूरा हो चुका है। शिफ्ट किए गए क्वार्टर, अस्पताल, आरएमएस और जीआरपी बिल्डिंग पर काम प्रगति पर है। इस स्टेशन के पुनर्निर्माण पर 205 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

**सीतामढ़ी स्टेशन**

मेन और सेकंड एंट्री साइड बिल्डिंग साइट पर मिट्टी भरने का काम चल रहा है। सेकंड एंट्री साइड पर यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम चल रहा है। साइट ऑफिस, बैचिंग प्लांट और साइट लेबोरेटरी की स्थापना का काम पूरा हो चुका है। पार्सल ऑफिस और पीएमएस ऑफिस पर काम चल रहा है। इस स्टेशन के पुनर्निर्माण पर 272 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

**दरभंगा स्टेशन**

सेकंड एंट्री साइड पर यूटिलिटी शिफ्टिंग का काम चल रहा है और नए क्वार्टरों का निर्माण भी चल रहा है। अस्थायी पीआरएस और यूटीएस बिल्डिंग का निर्माण किया गया है। सेकंड एंट्री साइड पर नए होम पीएफ का निर्माण चल रहा है। इस स्टेशन के पुनर्निर्माण पर 340 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

# महाकुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी बिहार में पलटी



### पांच की हालत गंभीर

**बक्सर।** बक्सर-कैमूर स्टेट हाईवे पर रविवार की रात 3 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। महाकुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं का मैजिक वाहन रामपुर पेट्रोल पंप के पास बेकाबू होकर सड़क किनारे बिजली के पोल से टकरा गया। जिसमें 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए और बाकी लोगों को मामूली चोट लगी। घटना के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और घायलों को रामपुर से चौसा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां से पांच घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बक्सर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### सभी लोग प्रयागराज से लौट रहे थे

घायल कौशल्या देवी ने बताया कि वे लोग प्रयागराज से लौट रहे थे। लेकिन रामपुर पेट्रोल पंप के पास चालक को नींद आ गई, जिससे दुर्घटना हो गई। घायलों में 70 वर्षीय गिरिजा कुंवर, 45 वर्षीय इंदु देवी, 55 वर्षीय सनोज सिंह, 55 वर्षीय फुलपातो देवी, 45 वर्षीय ओमप्रकाश साह शामिल हैं।

### पुलिस ने क्या कहा?

इस मामले में राजपुर थानाध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है। दुर्घटना में क्षतिग्रस्त मैजिक वाहन को जब्त कर लिया गया है। सभी घायलों को डायल 112 की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया है। घायलों ने बताया कि सभी लोग प्रयागराज से महाकुंभ में स्नान कर वापस घर लौट रहे थे। इस दौरान गाड़ी बिजली के पोल से टकरा गई।

# सड़क हादसों में 3 लोगों की मौत, 5 घायल

**गिरिडीह।** झारखंड में सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गयी। 5 लोग घायल हुए हैं। एक दुर्घटना गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र में जीटी रोड औरा के पास हुई, तो दूसरी घटना रांची-टाटा एनएच पर तमाड़ थाना क्षेत्र के रड़गांव के पास। बगोदर में हुई दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हुई है और 4 लोग घायल हुए हैं। वहीं, तमाड़ में हुई दुर्घटना में 2 लोगों की मौत हुई है और एक व्यक्ति घायल हुआ है। बगोदर थाना क्षेत्र जीटी रोड औरा के पास 2 वाहनों में सुबह-सुबह टक्कर हो गयी। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गयी और 4 लोग घायल हो गए। मृतक धनबाद के डिगवाडीह का रहने वाला है। उसकी पहचान नहीं हो पायी है। स्थानीय लोगों ने बताया कि जीटी रोड औरा के पास सड़क किनारे एक मारुति ओमनी कार खड़ी थी। उस कार में सवार कुछ




लोग शौच के लिए बाहर गये थे। तभी डुमरी की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने ओमनी में जोरदार टक्कर मार दी।

ओमनी में बैठे कई लोग घायल हो गये। दुर्घटना के बाद स्थानीय लोगों की भीड़ वहां जमा हो गयी। 108 एंबुलेंस को इसकी सूचना दी गयी। बगोदर पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और स्थानीय लोगों के सहयोग से घायलों को इलाज के लिए बगोदर ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया।

# कांग्रेस नेता शकील अहमद खान के बेटे ने की आत्महत्या

### MLC आवास में फंदे से लटका मिला शव

**पटना।** कांग्रेस के विधायक दल के नेता शकील अहमद के इकलौते बेटे ने आत्महत्या कर ली है। मिली जानकारी के अनुसार MLC आवास पर ही खुदकुशी की। इस घटना के बाद मौके पर हड़कंप मचा गया। पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच कर रही है। बिहार के DGP विनय कुमार भी मौके पर विधायक आवास पहुंचे हैं। बता दें कि शकील अहमद के बेटे आयान खान की उम्र 17 वर्ष थी। वह 12वीं का छात्र था। शकील अहमद घटना की जानकारी मिलने के बाद गुजरात से पटना लौट रहे हैं।

शकील अहमद खान के इकलौते पुत्र आयान खान के असामयिक निधन से कांग्रेस महकमे में शोक की लहर है। आयान की मृत्यु से शकील अहमद खान और उनके परिवार को गहरा आघात लगा है। आयन ने हाल ही में 18 जनवरी को राहुल गांधी से मुलाकात की थी। जब राहुल गांधी पटना दौरे पर थे। उस समय शकील अहमद खान ने अपने पुत्र आयान को मंच पर लाकर राहुल गांधी से मिलवाया था। आयान ने राहुल गांधी को एक पेंटिंग भी भेंट की थी, जिसकी राहुल गांधी ने तारीफ की थी।

### कदवा से विधायक हैं शकील अहमद खान



बता दें कि शकील अहमद खान बिहार में कांग्रेस विधायक दल के नेता हैं। उसके साथ ही कदवा विधानसभा से विधायक भी हैं। उनकी छवि अभी तक साफ सुथरे नेता वाली रही है। 2023 में उन्हें देश के सर्वश्रेष्ठ विधायक का सम्मान मिल चुका है।

# '2027 में हमारी सरकार आई तो अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे'



**अयोध्या।** मिल्कीपुर विधानसभा सीट पर 5 फरवरी को मतदान होगा। इसके लिए प्रचार के अंतिम दिन सोमवार को सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ में मची भगदड़ को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन मिल्कीपुर में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अयोध्या में विकास के नाम पर लोगों से जमीनें छीनी और लोगों को मुआवजा नहीं दिया है। 2027 के विधानसभा चुनाव में जब सपा की सरकार बनेगी तो हम अयोध्या को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अयोध्या में खरीदी गई जमीनों की सूची जारी कर दें तो पता चल जाएगा कि सबसे बड़ा भूमाफिया कौन है? सबसे बड़े भूमाफिया भाजपा के लोग ही हैं। अयोध्या में फाइव स्टार होटल बनाने के लिए जमीन ली गई पर गरीबों को उचित मुआवजा नहीं दिया गया। अखिलेश यादव ने कहा कि ये तो भाजपा के लोग भी जानते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसी के नहीं हैं। वो भाजपा वालों के भी नहीं हैं।





# गिरावट के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

### लार्सन एंड टुब्रो को सबसे अधिक नुकसान

एजेंसी । नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख की वजह से घरेलू शेयर बाजार सप्ताह के पहले कारोबारी सत्र सोमवार 3 फरवरी 2025 को गिरावट के साथ बंद हुआ. कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 319.22 अंक या 0.41% की गिरावट के साथ 77,186.74 अंक पर पहुंच गया. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 121.10 अंक या 0.52% टूटकर 23,361.05 अंक पर बंद हुआ।

### घाटे में रहा लार्सन एंड टुब्रो का शेयर



शेयर बाजार के कारोबार के आखिर में 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स के 19 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए. इनमें सबसे अधिक नुकसान लार्सन एंड टुब्रो को हुआ. इसका शेयर 4.64% टूटकर 3287.25 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया. हालांकि, बीएसई के 11 शेयर तेजी के साथ बंद हुए. सबसे अधिक बढ़त में बजाज फाइनेंस का शेयर रहा. इसका शेयर 5.28 % उछलकर 8423.80 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ। एनएसई में 50 शेयरों पर आधारित सूचकांक निफ्टी के 35 शेयर लाल निशान और 16 शेयर हरे निशान पर बंद हुए. निफ्टी में भी लार्सन एंड टुब्रो का शेयर 4.69% टूटकर 3285.95 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया. बजाज फाइनेंस का शेयर 5.12% उछलकर 8410 रुपये प्रति शेयर पर बंद हुआ।

### एशिया के दूसरे बाजार भी लाल

एशिया के दूसरे बाजारों की बात करें, तो वे भी लाल निशान यानी गिरावट के साथ बंद हुए. जापान के निक्केई 225, हांगकांग के हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया के कॉस्पी और चीन के शंघाई कंपोजिट गिरकर बंद हुए. शुक्रवार को यूरोपीय और अमेरिकी बाजार भी नकारात्मक रुख के साथ बंद हुए थे. वैश्विक तेल बाजार में ब्रेंट क्रूड 0.66% उछलकर 76.17 डॉलर प्रति बैरल के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# रुपया 55 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ पहली बार 87 प्रति डॉलर के स्तर से नीचे

एजेंसी । मुंबई

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में सोमवार को रुपया 55 पैसे की बड़ी गिरावट के साथ 87.17 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पहली बार रुपया 87 प्रति डॉलर से नीचे गया है।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद व्यापक व्यापार युद्ध की आशंका के बीच स्थानीय मुद्रा में यह भारी गिरावट आई है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा, मेक्सिको और चीन पर शुल्क लगाने संबंधी आदेश पर हस्ताक्षर करने के बाद व्यापक व्यापार युद्ध की आशंका के बीच स्थानीय मुद्रा में यह भारी गिरावट आई है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अमेरिकी डॉलर सूचकांक में उछाल और डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा व मेक्सिको पर 25 प्रतिशत तथा चीन पर 10 प्रतिशत शुल्क लगाने से व्यापक व्यापार युद्ध की आशंकाओं के कारण कमजोर वैश्विक बाजारों से भारतीय रुपया अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.00 प्रति डॉलर पर कमजोर रुख के साथ खुला और सत्र के दौरान अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 87.29 प्रति डॉलर के निचले स्तर को छू गया था।

स्थानीय मुद्रा कारोबार के अंत में 87.17 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुई, जो पिछले बंद भाव से 55 पैसे की गिरावट है।मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक



अनुज चौधरी ने कहा, ''हमें घरेलू बाजारों में कमजोर रुख के बीच मजबूत अमेरिकी डॉलर और विदेशी पूंजी की निकासी के कारण रुपये के नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करने की आशंका है। अमेरिकी प्रशासन के शुल्क को लेकर चिंता से भी रुपये पर दबाव पड़ सकता है।'' इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 1.01 प्रतिशत की बढ़त के साथ 109.46 पर रहा।अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 1.41 प्रतिशत चढ़कर 76.74 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।इस बीच, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 319.22 अंक या 0.41 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,186.74 अंक पर और एनएसई निफ्टी 121.10 अंक या 0.52 प्रतिशत फिसलकर 23,361.05 अंक पर आ गया।

शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शनिवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,327.09 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे।

# स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन बंबई उच्च न्यायालय पहुंची



### 11,000 करोड़ रुपए के कर नोटिस का मामला

**मुंबई।** वाहन विनिर्माता स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया ने अलग-अलग कलपुर्जों के रूप में कारों के आयात से संबंधित सीमा शुल्क धोखाधड़ी मामले में 11,000 करोड़ रुपये का कारण बताओ नोटिस के खिलाफ बंबई उच्च न्यायालय में अपील की है।

कंपनी ने कहा, ''स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया एक जिम्मेदार संगठन के रूप में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी वैश्विक एवं स्थानीय कानूनों और नियमों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करता




है।भारत में फॉक्सवैगन समूह का नेतृत्व स्कोडा ऑटो फॉक्सवैगन इंडिया के पास है। अधिकारियों ने इस कंपनी पर लगभग 11,000 करोड़ रुपये (लगभग 1.4 अरब डॉलर) की कथित सीमा शुल्क धोखाधड़ी में कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

सीमा शुल्क धोखाधड़ी उन कारों पर लागू होती है, जिन्हें सीकेडी इकाई के तौर पर देश में लाया जाता है। सीकेडी इकाई का मतलब है कि किसी भी कार को अलग-अलग कलपुर्जों के तौर पर आयात किया जाए और फिर देश के भीतर असेंबलिंग कर एक कार तैयार कर दी जाए।फॉक्सवैगन समूह ने भारत में ऑडी, फॉक्सवैगन और स्कोडा जैसे विभिन्न ब्रांड के तहत कई ऐसे मॉडलों की बिक्री की है।

# डिविस लैब के तिमाही शुद्ध लाभ में 65 प्रतिशत की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** दवा कंपनी डिविस लैबोरेटरीज का विभिन्न बाजारों में मजबूत बिक्री के चलते चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 65 प्रतिशत बढ़कर 589 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में 358 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।डिविस लैब ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसका परिचालन राजस्व बढ़कर 2,319 करोड़ रुपये हो गया जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 1,855 करोड़ रुपये था। दवा कंपनी ने बताया कि काकीनाडा परियोजना (यूनिट-तीन) के एक हिस्से का वाणिज्यिक परिचालन एक जनवरी, 2025 से शुरू हो गया है।कंपनी ने बताया कि काकीनाडा परियोजना के शेष भाग का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# सिफत कौर और जोनाथन एंटनी ने स्वर्ण पदकों पर साधा निशाना

**38वें राष्ट्रीय खेल**

- सामरा के अलावा पंजाब की ही अंजुम मोद्गिल ने रजत पदक हासिल किया
- सेना खेल संवर्धन बोर्ड के रविंद्र को रजत और गुरप्रीत को कांस्य मिला
- 461.2 अंक के साथ 23 साल की सिफत शीर्ष स्थान पर रहीं
- 240.7 अंक लेकर 15 साल के एंटनी ने स्वर्ण पर निशाना साधा




एजेंसी । देहरादून

पंजाब की सिफत कौर सामरा और कर्नाटक के जोनाथन एंटनी ने 38वें राष्ट्रीय खेलों में सोमवार को यहां स्वर्णिम निशाने साधे। सामरा ने महिलाओं की 50 मीटर थ्री पोजिशन में जबकि जोनाथन ने पुरुषों की 10 मीटर पिस्टल स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया। यहां महाराणा प्रताप कॉलेज में हुए फाइनल में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता 23 साल की सिफत ने 461.2 अंक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में उनके राज्य की साथी अंजुम मोद्गिल ने 458.7 अंक के साथ रजत जबकि तेलंगाना की सुरभि भारद्वाज रापोले ने 448.8 अंक के साथ कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 10 मीटर पिस्टल फाइनल में बेंगलुरु के 15 साल के एंटनी ने धैर्य और एकाग्रता का नमूना पेश करते हुए 240.7 अंक के साथ स्वर्ण पदक पर निशाना साधा। सेना खेल संवर्धन बोर्ड के रविंद्र सिंह (240.3) ने रजत जबकि गुरप्रीत सिंह (220.1) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। पेरिस ओलंपिक में फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहीं सिफत ने स्वर्ण पदक जीतने के बाद कहा, यह मेरे लिए ओलंपिक के बाद यह वापसी जैसा है। मैंने ओलंपिक के बाद ब्रेक नहीं लिया था और अपना अभ्यास जारी रखा था। ऐसे में आज स्वर्ण पदक जीतने का अनुभव खास है। जोनाथन एंथनी ने कहा, फाइनल में सभी खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्वि कर चुके हैं और बेहतरीन निशानेबाज हैं। उनके बीच स्वर्ण पदक जीतना वाकई गर्व की बात है।

## भारोत्तोलन में कई रिकॉर्ड टूटे, मेहक ने चमक बिखेरी

एजेंसी । देहरादून

भारोत्तोलन मुकाबलों के अंतिम दिन सोमवार को कई रिकॉर्ड टूटे। पंजाब की महक शर्मा ने महिला श्रेणी में तीन रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक हासिल किया।



**तीन रिकॉर्ड धराशायी**

महक ने 87 किलोग्राम श्रेणी में अपने अंतिम क्लीन एंड जर्क प्रयास में 141 किलोग्राम वजन उठाया। यह उनका पिछले सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन (140 किलोग्राम) से भी अधिक था। उन्होंने स्नैच में 106 किलोग्राम वजन उठाया, जो उनके पिछले रिकॉर्ड (105 किलोग्राम) से एक किलोग्राम था। कुल मिलाकर महक ने 247 किलोग्राम वजन उठाया, जो उनके पिछले रिकॉर्ड 244 किलोग्राम से 3 किलोग्राम अधिक था। रजत पदक उत्तर प्रदेश की पूनम पांडे ने 216 किलोग्राम वजन उठाकर प्राप्त किया जबकि कांस्य पदक कर्नाटक की सत्य ज्योति ने 201 किलोग्राम वजन उठाकर हासिल किया। पुरुष वर्ग में तमिलनाडु के एस. रुद्रमायण ने स्नैच में 175 किलोग्राम वजन उठाकर रिकॉर्ड स्थापित किया।

## संजू की अंगुली में फ्रेक्चर, पांच-छह सप्ताह नहीं खेल सकेंगे

- पांचवें टी-20 में अंगुली में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद लगी
- जम्मू-कश्मीर के खिलाफ रणजी क्वार्टर फाइनल में नहीं खेलेंगे



एजेंसी । नई दिल्ली

स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज संजू सैमसन की तर्जनी अंगुली में फ्रेक्चर हो गया है। इसके कारण वह एक महीने से अधिक समय तक क्रिकेट से दूर रहेंगे। ऐसे में वह रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में भी नहीं खेल पाएंगे।

### आर्चर की गेंद लगी



मुंबई में इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को खेले गए पांचवें टी-20 मैच के दौरान उनकी अंगुली में तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की गेंद लगी थी जो 150 किमी प्रति घंटे के करीब की रफ्तार से फेंकी गई थी। हालांकि सैमसन ने इसके बाद एक छक्का और चौका लगाया लेकिन डग-आउट में वापस आने के बाद सूजन बढ़ गई। स्कैन में फ्रेक्चर का पता चला। सैमसन तिरुवनंतपुरम लौट गए हैं और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिटेशन पूरा करने के बाद ही ट्रेनिंग शुरू करेंगे। प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में वापसी से पहले उन्हें एनसीए की मंजूरी की जरूरत होगी।

### अगली सीरीज अगस्त में

सैमसन का इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में प्रदर्शन निराशाजनक रहा और वह एकदिवसीय टीम का हिस्सा नहीं हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के बाद भारत को जुलाई के अंत तक कोई भी सीमित ओवरों की सीरीज नहीं खेलनी है इसलिए 30 वर्षीय सैमसन को अपने अगले अवसर के लिए बांग्लादेश में अगस्त में होने वाली सीरीज तक इंतजार करना होगा। एक सूत्र ने बताया, उन्हें नेट पर अभ्यास शुरू करने में पांच-छह सप्ताह लगेंगे। इसलिए उनके 8 से 12 फरवरी तक पुणे में केरल (जम्मू-कश्मीर के खिलाफ) के लिए रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल में खेलने की कोई संभावना नहीं है। पूरी संभावना है कि उनकी वापसी आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए होगी।

## न्यूज ब्रीफ

### माइकल बेवन क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हॉल ऑफ फेम में



**मेलबर्न।** एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक माइकल बेवन को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक्स पर पोस्ट पर यह जानकारी देते हुए लिखा-क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया हॉल ऑफ फेम में शामिल होने पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी माइकल बेवन को बधाई। बेवन ऑस्ट्रेलिया की 1999 और 2003 विश्व कप विजेता टीमों का हिस्सा थे। वनडे में मध्य क्रम में बल्लेबाजी करते हुए उन्होंने 232 मैचों में 53.58 के शानदार औसत से 6912 रन बनाए। इस 54 वर्षीय पूर्व क्रिकेटर में अपने वनडे करियर की शुरुआत 1994 में की और वह 2004 तक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलते रहे। इस बीच उन्होंने ऑस्ट्रेलिया की तरफ से फिनिशर की भूमिका अच्छी तरह से निभाई।

### एसए 20 : केपटाउन का घरेलू मैदान पर जीत का पंच



**केपटाउन।** एमआई केपटाउन ने प्रिटोरिया कैपिटल्स को 95 रन से शिकस्त देकर एसए 20 क्रिकेट टूर्नामेंट में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। केपटाउन की यह घरेलू मैदान पर लगातार पांचवीं जीत है। इससे बोनस से उसके कुल अंक 35 हो गए हैं जो लीग चरण का रिकॉर्ड है। सेदिकुल्लाह अटल और कॉनर एस्टरहुइज़न की नई सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 133 रन की साझेदारी करके एमआई केपटाउन को शानदार शुरुआत दिलाई। इससे केपटाउन ने पांच विकेट पर 201 रन बनाए और फिर कैपिटल्स की टीम को 106 रन पर आउट कर दिया। केपटाउन की तरफ से ऑफ स्पिनर डेन पीट्ठ ने 28 रन देकर तीन, लेग स्पिनर थॉमस काबर ने 21 रन देकर तीन और बाएं हाथ के स्पिनर जॉर्ज लिंडे ने 11 रन देकर दो विकेट लिए।


### अहलावत बहरीन चैंपियनशिप में संयुक्त 49वें स्थान पर



**बहरीन।** भारतीय गोल्फ खिलाड़ी वीर अहलावत चौथे और अंतिम दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेल कर 2025 बहरीन चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 49वें स्थान पर रहे। अहलावत का कुल स्कोर चार अंडर का रहा। उन्होंने इससे शुरुआती तीन चरण में 70-70-73 के कार्ड खेले थे। इस 28 साल के खिलाड़ी ने आखिरी चरण के दूसरे, आठवें, नौवें और 17वें होल में बर्डी लगाईं। हालांकि उन्होंने तीसरे, 13वें और 16वें होल में बोगी भी कीं। वह इससे पहले रास अल खेमाह में संयुक्त 27वें स्थान पर थे। वह अगले सप्ताह कतर मास्टर्स में चुनौती पेश करेंगे।

## मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर युनाइटेड की करारी हार

एजेंसी । लंदन



मैनचेस्टर सिटी और मैनचेस्टर युनाइटेड का इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट में निराशाजनक प्रदर्शन जारी है। रविवार को दोनों दिग्गज टीमों को हार का सामना करना पड़ा। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल के खिलाफ दूसरे मिनट में ही गोल का स्वाद चख लिया। फिर उसने दूसरे हाफ में चार गोल गंवाए जिससे उसकी टीम को आर्सेनल ने 5-1 से करारी शिकस्त दी। मैनचेस्टर युनाइटेड का घरेलू मैदान पर खराब प्रदर्शन जारी रहा। वह क्रिस्टल पैलेस से 0-2 से हार गया। यह मौजूदा सत्र में ओल्ड ट्रैफर्ड में प्रीमियर लीग के 13 मैच में उसकी सातवीं हार है। यह उसका 1890 के बाद किसी एक सत्र में अपने घरेलू मैदान पर सबसे खराब प्रदर्शन है।

## विश्व चैंपियन गुकेश को चित कर प्रज्ञानानंदा ने खिताब जीता

**विज्क आन जी (नीदरलैंड्स)।** ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञाननंदा ने हमवतन और विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराकर पहली बार टाटा स्टील मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया। उन्होंने रविवार को यहां टाईब्रेकर में विश्व के तीसरे नंबर के खिलाड़ी 18 वर्षीय गुकेश को 2-1 से हरा दिया। गुकेश को यहां लगातार दूसरे वर्ष टाईब्रेकर में हार का सामना करना पड़ा। पिछली बार वह चीन के चीनी वेई यी से हार गए थे।




**चुनौती काफी कड़ी रही**

दो साल की छोटी सी उम्र से शतरंज खेल रहे प्रज्ञाननंदा ने अपनी जीत के बाद टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट से कहा, मैं जीत का लक्ष्य लेकर यहां आया था लेकिन चुनौती काफी कड़ी थी। विंसेंट के खिलाफ मैं उस स्तर के आसपास भी नहीं खेल पाया, जिस स्तर पर मैं यहां खेल रहा था। मुझे अर्जुन को कोई उपहार देना चाहिए क्योंकि कई बार मुझे लगा कि गुकेश ने टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा, मेरे लिए यह दिन खास है क्योंकि मैंने टूर्नामेंट जीता है। लेकिन निश्चित तौर पर यह तनाव से भरा दिन था। मैं वास्तव में कल तक इसके बारे में ज्यादा नहीं सोच रहा था। मैं काफी थक चुका हूं और अब थोड़ा विश्राम करना चाहता हूं।

**दबदबा भी कायम**

भारतीय शतरंज का गढ़ बन चुके शहर चेन्नई के 19 वर्षीय प्रज्ञाननंदा की इस जीत से भारतीय खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय शतरंज में अपना दबदबा भी कायम रखा। विजेता का चयन करने के लिए टाईब्रेकर का सहारा इसलिए लेना पड़ा क्योंकि दोनों खिलाड़ी अपने 13वें दौर के मुकाबले हार गए थे। इसमें गुकेश को अपने साथी भारतीय खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी से हार का सामना करना पड़ा वहीं प्रज्ञाननंदा जर्मनी के विंसेंट कीमर से हार गए। इसके बाद वे एक समान 8.5 अंक लेकर बराबरी पर पहुंच गए थे। गुकेश ने टाईब्रेकर में पहली बाजी जीतकर बढ़त बनाई लेकिन प्रज्ञाननंदा ने उसके बाद शानदार वापसी करके अगली दोनों बाजियां जीत कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया।

## 'कन्नप्पा' में प्रभास का रूद्र अवतार



प्रभास पिछली बार फिल्म 'कल्कि 2898 **AD**' में नजर आए थे, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। आने वाले दिनों में प्रभास कई फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। इन्हीं में एक नाम फिल्म 'कन्नप्पा' का है, जिसके निर्देशन की कमान मुकेश कुमार सिंह ने संभाली है। अब 'कन्नप्पा' से प्रभास की पहली झलक सामने आ चुकी है, जिसमें वह रुद्र के रूप में नजर आ रहे हैं।

### अक्षय कुमार भी हैं फिल्म का हिस्सा

'कन्नप्पा' में विष्णु मंचू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। प्रभास के अलावा मोहनलाल, प्रभुदेवा और आर सरथ कुमार भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। अक्षय कुमार भी इस फिल्म के जरिए दक्षिण भारतीय सिनेमा में कदम रखने जा रहे हैं। इस फिल्म की कहानी छठीं और आठवीं शताब्दी के दौरान भगवान शिव के एक प्रबल भक्त के इर्द-गिर्द घूमेगी। मोहन बाबू इस फिल्म के निर्माता हैं। 'कन्नप्पा' को 25 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## सान्या मल्होत्रा बनेगी राजकुमार राव की जोड़ीदार




अभिनेता राजकुमार राव को पिछली बार तृप्ति डिमरी के साथ फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' में देखा गया था, जिसमें उनकी अदाकारी की तारीफ तो हुई, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह औंधे मुंह गिरी। यह फिल्म नेटफ्लिक्स पर उपलब्ध है। अब राजकुमार की नई फिल्म 'टोस्टर' का ऐलान हो गया है, जिसके निर्देशन की कमान विवेक दास चौधरी ने संभाली है। इस फिल्म में राजकुमार की जोड़ी अभिनेत्री सान्या मल्होत्रा के साथ बनी है।

### नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी फिल्म

खास बात यह है कि 'टोस्टर' का निर्माण राजकुमार की पत्नी और अभिनेत्री पत्रलेखा कर रही हैं। फराह खान, अर्चना पूरन सिंह और अभिषेक बनर्जी भी इस फिल्म का हिस्सा हैं। 'टोस्टर' का टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें राजकुमार और सान्या की केमिस्ट्री लोगों को खूब पसंद आ रही है। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'इतने में कितना मिलेगा? सब मिलेगा।' यह फिल्म OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।

## 'ज्वेल थीफ' का ऐलान



अभिनेता सैफ अली खान पर 15 जनवरी देर रात मुंबई के बांद्रा स्थित उनके अपार्टमेंट में घुसे हमलावर ने हमला कर दिया था, जिसके बाद उन्हें मुंबई के लीलावती अस्पताल में भर्ती कराया गया और वहां उनकी 2 सर्जरी हुई। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। अब इस बीच सैफ ने अपनी नई फिल्म का ऐलान कर दिया है, जिसका नाम 'ज्वेल थीफः द हीस्ट बिगिन्स' है। इस फिल्म में दिग्गज अभिनेता जयदीप अहलावत भी नजर आएंगे। 'ज्वेल थीफ' का टीजर सामने आ चुका है, जिसमें सैफ का धांसू अवतार दिख रहा है, वहीं जयदीप एकदम नए अवतार में नजर आ रहे हैं। खास बात यह है कि 'ज्वेल थीफ' सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। फिलहाल इस फिल्म की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। 'पठान' के निर्देशक सिद्धार्थ आनंद ने 'ज्वेल थीफ' के निर्देशन की कमान संभाली है। कुणाल कपूर और निकिता दत्ता भी इस फिल्म का हिस्सा हैं।

## 'सिकंदर' में शामिल हुईं वरुण धवन की भतीजी




अभिनेता सलमान खान काफी समय से अपनी आगामी फिल्म 'सिकंदर' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म की शूटिंग अपने आखिरी चरण में है। इस फिल्म में सलमान की जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। प्रतीक बब्बर और सत्यराज जैसे सितारे भी इस फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे। अब 'सिकंदर' की स्टार कास्ट में वरुण धवन की भतीजी और अभिनेत्री अंजिनी धवन शामिल हो गई हैं।

### हर एक दिन एक सपने जैसा लगता है- अंजिनी

पिछले काफी समय से खबर आ रही थी कि निर्माताओं ने फिल्म में अहम भूमिका निभाने के लिए अंजिनी से संपर्क किया था। अब आखिरकार वह फिल्म की स्टारकास्ट में शामिल हो गई हैं। अंजिनी ने खुद इसकी पुष्टि की। बातचीत में अंजिनी ने कहा, ₹मैं इससे ज्यादा आभारी नहीं हो सकती। जब भी मैं 'सिकंदर' के सेट पर जाती हूं, तो मुझे भरोसा नहीं होता। हर एक दिन एक सपने जैसा लगता है।

## राणा दग्गुबाती की वेब सीरीज 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन का ऐलान

वेंकटेश दग्गुबाती और राणा दग्गुबाती की वेब सीरीज 'राणा नायडू' को काफी पसंद किया गया था। एक्शन से भरपूर यह सीरीज 10 मार्च, 2023 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई थी और इसमें कुल 10 एपिसोड थे। काफी समय से दर्शक 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन का इंतजार कर रहे थे, जो अब खत्म हो चुका है। दरअसल, 'राणा नायडू 2' का आधिकारिक ऐलान हो गया है। 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन का टीजर भी सामने आ गया है।,



### सीरीज में नजर आएंगे ये कलाकार

'राणा नायडू 2' का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर होने वाला है। फिलहाल इस सीरीज की रिलीज तारीख सामने नहीं आई है। निर्माताओं ने टीजर साझा करते हुए लिखा, 'अब होगी तोड़फोड की शुरुआत मामू, क्योंकि ये राणा नायडू का स्टाइल है।' इस सीरीज में सुचित्रा पिल्लई, रजनी बसुमतारी, गौरव चोपड़ा, अर्जुन रामपाल और सुरवीन चावला जैसे सितारे अपने-अपने किरदार को दोहराएंगे। टीजर में सितारों की झलक दिख रही है। इसके निर्देशन की कमान सुपर्ण वर्मा और करण अंशुमान ने संभाली है।

न्यूज़ ब्रीफ

## जूनागढ़ नगर निगम की आठ सीटों पर भाजपा का कब्जा

**जूनागढ़।** गुजरात राज्य चुनाव अधिकारियों ने बताया कि राज्य के जूनागढ़ नगर निगम (जेएमसी) की 60 सीटों में से 8 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का निर्विरोध जीतना तय है, क्योंकि कांग्रेस के उम्मीदवारों ने सोमवार को अपने नामांकन वापस ले लिए। हालांकि, 16 फरवरी को होने वाले मतदान के लिए नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 4 फरवरी को आधिकारिक घोषणा की जाएगी, लेकिन सत्तारूढ़ भाजपा ने दावा किया है कि उसने बिना किसी संघर्ष के ये आठ सीटें जीत ली हैं, क्योंकि मैदान में कोई अन्य उम्मीदवार नहीं बचा है।

## गैंगवार में कुख्यात गैंगस्टर साजन सैमुअल की हत्या

**कोट्टायम।** केरल के कोट्टायम जिले में कुछ दिन पहले एक गैंगवार में गैंगस्टर साजन सैमुअल की हत्या कर दी गई। बदमाशों ने उसके शव के टुकड़े-टुकड़े कर एक बोरे में भरे और फिर उसे एक सूनसान इलाके में फेंक दिया। पुलिस को सैमुअल का शव रविवार को पड़ोसी इडुक्की जिले के मूलमट्टम में सागौन के एक बागान में मिला। इस सिलसिले में एक गिरोह के सात सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि 47 वर्षीय सैमुअल, कोट्टायम जिले के मेलुकावु का निवासी था। सोमवार को उसका एक कटा हुआ हाथ भी बरामद किया गया। संदेह है कि 30 जनवरी को मेलुकावु थाना क्षेत्र में सैमुअल की हत्या हुई और बाद में उसका शव बोरे में भर कर ऑटो रिक्शा से मूलमट्टम पहुंचा दिया गया।

## बीएसएफ के 9 युवा कमांडरों ने छोड़ दी नौकरी

**नई दिल्ली।** सीमा सुरक्षा बल 'बीएसएफ' के नौ कैडर अधिकारियों ने एक झटके में नौकरी छोड़ दी है। स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति 'वीआरएस' लेने वाले अफसरों में एक कमांडेंट, दो टूआईसी, एक डीसी और पांच सहायक कमांडेंट शामिल हैं। एक साथ नौ अफसरों का फोर्स को अलविदा कहना, न केवल बीएसएफ, अपितु दूसरे केंद्रीय बलों के अफसरों के बीच भी चर्चा का विषय बना हुआ है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पिछले सप्ताह उक्त नौ अफसरों की वीआरएस स्वीकार कर ली है। बीएसएफ के पूर्व अफसर कहते हैं, इसके पीछे कोई तो वजह रही है। ऐसे तो कोई अपनी जॉब को यूं बीच राह में नहीं छोड़ता। पदोन्नति में स्थिरता, वित्तीय स्थिति और बेहतर करियर का विकल्प, वीआरएस के पीछे कुछ ऐसे ही कारण रहे होंगे।

## दिल्ली में मुस्लिमों की आबादी बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में वोटिंग से पहले जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट आई है। इसमें कहा गया है कि बांग्लादेश और म्यांमार से घुसपैठिए आ रहे हैं। इससे दिल्ली में मुस्लिमों की आबादी बढ़ी है। बांग्लादेशी और म्यांमार के घुसपैठियों के कारण दिल्ली की डेमोग्राफी में बदलाव आया है, जो दिल्ली आज से 10-15 साल पहले हुआ करती थी, आज नहीं है। मुस्लिम आबादी के साथ ही शहर की जनसंख्या में भी बदलाव आया है। इसके कारण अर्थव्यवस्था बर्बाद हो रही है। संसाधनों पर भी दबाव बढ़ा है। जो मजदूर वर्ग कल तक हरियाणा, पूर्वांचल, ओडिशा, केरल के लोग होते थे, वे अब रोहिंग्या हैं।

# बेरोजगारी पर पीएम ने कोशिश की पर असफल रहे : राहुल

## मेक इन इंडिया अच्छा आइडिया, बेरोजगारी का जवाब UPA भी नहीं दे पाईः राहुल गांधी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

संसद में बजट सत्र के तीसरे दिन सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा में राहुल गांधी 40 मिनट बोले। उन्होंने कहा- मैंने राष्ट्रपति का भाषण सुना। वे पिछले कई सालों से यही बातें दोहरा रही हैं। आज मैं बताऊंगा कि उनका संबोधन कैसा हो सकता था। राहुल ने कहा- बेरोजगारी पर कांग्रेस के नेतृत्व वाली हमारी UPA सरकार और प्रधानमंत्री मोदी की NDA सरकार कुछ नहीं कर पाई। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ाने की कोशिश करनी चाहिए। PM मोदी का 'मेक इन इंडिया' एक अच्छा आइडिया था, लेकिन नतीजा आपके सामने है। मैं प्रधानमंत्री को दोष नहीं दे रहा, यह कहना सही नहीं कि उन्होंने कोशिश नहीं की, लेकिन वे असफल रहे।





### जपा ने पटेल-अंबेडकर के मूल्य नष्ट किए

उन्होंने कहा कि मैंने सदन में शिवजी की पिक्चर दिखाई थी। एक कारण था, वह हमें बताती है कि फोकस रखो, भटको मत। काम पर ध्यान दो। आप सरदार पटेल की बात करते हैं, अंबेडकर की बात करते हैं। उनके मूल्यों को आपने नष्ट कर दिया। आपने बुद्ध के सामने सिर झुकाया, लेकिन उनके मूल्यों को ठुकरा दिया। हिंसा, घृणा की जगह नहीं होनी चाहिए, इससे देश नष्ट हो जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि बजट भाषण घर की पुरानी लिस्ट की तरह था। मैं पूरे भाषण के दौरान बैठ भी नहीं पा रहा था। मैं जब वहां बैठा था तब मुझे लग रहा था कि कोई कहानी सुनाई जा रही हो। यह ऐसा धन्यवाद भाषण नहीं था, जैसा एक राष्ट्रपति का होना चाहिए था।

### बेरोजगारी पर UPA सरकार को भी घेरा

राहुल ने स्पीच में अपनी सरकार की भी खामी गिनाई। उन्होंने कहा- देश में बेरोजगारी की समस्या का समाधान कांग्रेस नेतृत्व वाली UPA की सरकार भी अपने 10 साल के शासनकाल में नहीं कर पाई। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार भी पिछले 10 साल में इस पर कुछ नहीं कर पाई।

### 'मेक इन इंडिया' कॉन्सेप्ट की तारीफ



राहुल गांधी ने नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की तारीफ की। उन्होंने कहा- देश में मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर को बढ़ावा देने की जरूरत है। मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की हिस्सेदारी 2014 में 15.3% से घटकर आज 12.6% रह गई है। यह 60 वर्षों में सबसे कम है। प्रधानमंत्री मोदी ने इसे बढ़ाने का प्रयास किया। वे मेक इन इंडिया कॉन्सेप्ट लेकर आए। यह अच्छा प्रयास था, लेकिन सफल नहीं हुए।

### वोटर्स डेटा में गड़बड़ी का आरोप

नेता विपक्ष बोले कि महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव के वक्त जितना वोट था, सिर्फ 5 महीने बाद विधानसभा चुनाव के दौरान उसमें हिमाचल प्रदेश जितना बड़ा वोटिंग रोल जोड़ दिया गया। जितने 5 साल में जोड़े जाते हैं, उतने 5 महीने में जोड़ दिए गए। दिलचस्प बात है कि नए वोटर्स उन्हीं विधानसभाओं में ज्यादा हैं, जहां भाजपा जीती है। हिमाचल प्रदेश जितने बड़े वोटर्स लोकसभा के बाद जादू से आए कैसे। इलेक्शन कमीशन से हम कह रहे हैं कि हमें लोकसभा की वोटर लिस्ट इलेक्ट्रॉनिकली दीजिए।

### महाकुंभ भगदड़ पर विपक्ष का वॉकआउट

संसद में बजट सेशन के तीसरे दिन सोमवार को महाकुंभ में भगदड़ से हुई मौतों को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत तमाम विपक्षी दलों ने सरकार पर मौत का आंकड़ा छिपाने का आरोप लगाया। केंद्र और योगी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और मौतों की सही जानकारी देने की मांग की।

### चीनी घुसपैठ का मुद्दा उठाया

राहुल गांधी ने अपने भाषण के दौरान चीन के भारतीय सीमा में घुसकर करीब 4000 वर्ग किमी की जमीन हथियाने पर भी बात की। उन्होंने कहा- प्रधानमंत्री ने इस बात से इनकार किया है और सेना ने प्रधानमंत्री के इस दावे का खंडन किया है कि चीन हमारे 4000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर बैठा है। इस पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा, 'आप जो बोल रहे हैं, उसका सबूत आपको सदन में पेश करना होगा।'

# जंगलों की कटाई पर सुप्रीम कोर्ट सख्त, सरकारों को दिया आदेश

**तीन हफ्ते में जवाब दाखिल होगा** | **संशोधित कानून के खिलाफ है याचिका**

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र और राज्यों से कहा कि वे अगले आदेश तक वन क्षेत्र घटाने वाला कोई भी कदम नहीं उठाएंगे। जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ 2023 के वन संरक्षण अधिनियम में संशोधनों के विरुद्ध याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

पीठ ने कहा, 'हम ऐसी किसी भी चीज की अनुमति नहीं देंगे, जिससे वन क्षेत्र में कमी आए। अगले आदेश तक केंद्र सरकार और कोई भी राज्य ऐसा कोई कदम नहीं उठाएंगे, जिससे वन क्षेत्र में कमी आती हो, बशर्ते केंद्र और राज्यों की ओर से प्रतिपूरक जमीन उपलब्ध कराई गई हो।'

### स्थिति रिपोर्ट भी दाखिल की जाएगी



केंद्र की ओर से पेश एडिशनल सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि वह इस मामले में दायर याचिका पर तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करेंगी। अगली सुनवाई से पहले शीर्ष अदालत में स्थिति रिपोर्ट भी दाखिल की जाएगी। मामले की अगली सुनवाई चार मार्च को होगी। पिछले वर्ष फरवरी में शीर्ष अदालत ने इस दलील पर संज्ञान लिया था कि संरक्षण पर 2023 के संशोधित कानून के तहत वन की परिभाषा से लगभग 1.99 लाख वर्ग किलोमीटर की वन भूमि को 'वन' के दायरे से बाहर कर दिया गया है और अन्य उद्देश्यों के लिए उपलब्ध करा दी गई है।

### सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति जरूरी

- पीठ ने कहा था कि वन भूमि पर प्राणी उद्यान खोलने या सफारी शुरू करने के लिए किसी भी नए प्रस्ताव पर अब सुप्रीम कोर्ट की स्वीकृति की आवश्यकता होगी। पीठ ने राज्य सरकारों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिया था कि वे 31 मार्च, 2024 तक अपने क्षेत्राधिकार में आने वाली वन भूमि का विवरण केंद्र सरकार को उपलब्ध कराएं।
- साथ ही पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्देश दिया था कि वह राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा उपलब्ध कराए गए वन जैसे क्षेत्र, अवर्गीकृत वन भूमि व सामुदायिक वन भूमि के सभी विवरणों को 15 अप्रैल, 2024 तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड करेगा।

# कुरियन और सुरेश गोपी की विवादित टिप्पणी पर आक्रोश

## केरल के सांसदों ने पीएम से की बर्खास्तगी की मांग

**एजेंसी । वायनाड**

केरल के तमाम सांसदों ने सोमवार को केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी और जॉर्ज कुरियन को उनके 'विवादित' बयान के आड़े हाथ लिया और दोनों को बर्खास्त करने की मांग की। राज्य के तमाम दलों (सीपीआई, सीपीआईएम, कांग्रेस) के सांसदों ने प्रधानमंत्री मोदी से कार्रवाई की मांग की है।



### दोनों नेताओं ने क्या दिए थे विवादित बयान?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस राज्य मंत्री सुरेश गोपी ने रविवार को कहा था कि सवर्ण जाति के लोगों को जनजातीय मामलों के मंत्रालय का प्रभारी होना चाहिए। हालांकि बाद में उन्होंने यह बयान वापस ले लिया और कहा कि उनका इरादा अच्छा था। वहीं केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन, और डेयरी राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन ने शनिवार को कहा था कि अगर केरल केंद्र से ज्यादा पैसे चाहिए है, तो उसे यह घोषणा करनी चाहिए कि राज्य शिक्षा, बुनियादी ढांचा और सामाजिक कल्याण के मामले में पिछड़ा हुआ है। इस पर मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई-एम) के सांसद जॉन ब्रिटस ने दोनों मंत्रियों की आलोचना की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से कार्रवाई की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा, 'ये बयान संविधान के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं।' वहीं सीपीआई के सांसद पी. संदोष कुमार ने भी सुरेश गोपी और जॉर्ज कुरियन के बयानों की निंदा की और कहा कि सरकार के बजट में केरल का हिस्सा नजरअंदाज किया गया है। उन्होंने कहा- जॉर्ज कुरियन का बयान काफी अजीब है, ये भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है। केंद्रीय बजट में केरल की अनदेखी की गई है। हमें हमारा हिस्सा मिलना चाहिए। कुरियन को जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दे देना चाहिए। इधर, एर्नाकुलम लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद हिबी इडन ने कहा कि केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी का बयान जनजातीय और अनुसूचित जाति (एससी) समुदायों के खिलाफ है और संविधान के भी खिलाफ है। उन्होंने मंत्री जॉर्ज कुरियन के बयान की भी आलोचना की।

# चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्तियों के खिलाफ याचिका

## शीर्ष अदालत ने नए कानून के तहत 12 फरवरी को तय की सुनवाई

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को 2023 के कानून के तहत मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के खिलाफ याचिकाओं पर सुनवाई के लिए 12 फरवरी की तारीख तय की। मामले में जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि वह इस मुद्दे पर मेरिट के आधार पर और अंतिम रूप से फैसला करेगी।

**एडीआर के वकील ने की मांग- तत्काल हो सुनवाई**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स एनजीओ की ओर से पेश हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि यह मामला 4 फरवरी को सूचीबद्ध है, लेकिन अन्य मामलों के कारण इस पर सुनवाई होने की संभावना नहीं है। प्रशांत भूषण ने 18 फरवरी को मौजूदा मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार की सेवानिवृत्ति का हवाला देते हुए कहा कि इस मामले पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है।




# कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और पप्पू यादव के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

## राष्ट्रपति पर विवादित टिप्पणी का मामला

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की तरफ से 'सर्वोच्च पद की गरिमा को कम करने के उद्देश्य से भारत की राष्ट्रपति के खिलाफ अपमानजनक और निंदनीय शब्दों के प्रयोग के माध्यम से' संसदीय विशेषाधिकार, नैतिकता और औचित्य के उल्लंघन के लिए नोटिस दिया है। इसके साथ ही भाजपा सांसदों ने निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ भी विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है।

### अनुशासनात्मक कार्रवाई की जरूरत

भाजपा सांसदों ने नोटिस में लिखा, हम सोनिया गांधी की तरफ से हाल ही में कई गई कुछ असंसदीय, अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में बहुत निराशा के साथ यह लिख रहे हैं। सोनिया गांधी की राष्ट्रपति के खिलाफ टिप्पणी पर गंभीरता से विचार करने और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जरूरत है। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि इस देश के आदिवासी सांसदों ने इस मामले को बहुत गंभीरता से लिया है।

**तैयारी** | सरकार संशोधित (नया) आयकर विधेयक गुरुवार को संसद में हो सकता है पेश

# नया आयकर कानून छोटे मामलों में नोटिस से राहत देगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

आयकर से जुड़ी प्रक्रिया को सरकार ज्यादा पारदर्शी और सरल बनाने जा रही है। नया आयकर अधिनियम अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा। इसके लिए सरकार संशोधित (नया) आयकर विधेयक गुरुवार को संसद में पेश कर सकती है। इसमें आयकर अधिनियम से जुड़े गैर जरूरी प्रावधानों को खत्म किया जा सकता है। छोटे मामलों में नोटिस से राहत दी जा सकती है। गौरतलब है कि शनिवार को लोकसभा में पेश बजट के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अगले हफ्ते नया आयकर विधेयक पेश करने का ऐलान किया था। वित्त मंत्रालय से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि तैयार विधेयक अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा। इससे देश में आयकर से जुड़ी प्रक्रिया में बड़ा बदलाव आएगा। साथ ही नए कानून से जुड़ी भाषा को सरल कर उसे आयकरदाता और अधिकारियों के समझने योग्य बनाया जाएगा।




**सभी कागज देने की जरूरत नहीं होगीः** अधिकारियों ने बताया कि नए कानून में व्यक्तिगत आयकरदाता से लेकर कॉरपोरेट क्षेत्र को गैरजरूरी प्रावधानों से छुटकारा मिलेगा। इसका मतलब है कि छोटे-छोटे मामलों में नोटिस जारी नहीं होंगे। अभी तक आयकर अधिनियम में कई ऐसे प्रावधान हैं, जिसमें आयकरदाता को रिटर्न भरते वक्त उससे जुड़े कुछ कागजात संलग्न करने होते हैं लेकिन मौजूदा वक्त में जब बहुत सारी प्रक्रिया ऑनलाइन है तो उनकी जरूरत नहीं होनी चाहिए, लेकिन मौजूदा नियमों में ऐसी गैर जरूरी व्यवस्थाएं बनी हुई हैं।

### कानून की भाषा को सरल बनाने पर जोर

दूसरा, अधिनियम की भाषा काफी कठिन है, जिसे कई बार समझने में गड़बड़ी होने की स्थिति में भी विभाग नोटिस जारी करता है। कई ऐसे छोटे-छोटे प्रावधान भी हैं, जिसमें आयकरदाता से नोटिस के जरिए स्पष्टीकरण मांगा जाता है। अब ऐसे सभी प्रावधानों को हटाया जाना है। नया कानून अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होने से देश के अंदर बेहतर व्यावसायिक माहौल बनाने में भी मदद मिलेगी।

### संशोधन के लिए बनाई गई 22 विशेष उप-समितियां

आयकर अधिनियम-1961 में संशोधन करने के लिए वित्त मंत्रालय ने लंबे समय तक काम किया है। अधिनियम के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा के लिए 22 विशेष उप-समितियां गठित की गईं। आम लोग नए कानून पर अपने सुझाव दे सकें, इसके लिए ऑनलाइन पोर्टल भी खोला गया। पोर्टल खुलने के बाद अक्टूबर में 6500 से अधिक सुझाव वित्त मंत्रालय को प्राप्त हुए थे। इसके साथ ही, उद्योग जगत के सुझावों को भी आमंत्रित किया गया। अब सुझावों के आधार पर आयकर अधिनियम में संशोधन का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

### इस तरह के सुधार प्रस्तावित

- फॉर्म की संख्या कम करके साधारण फॉर्म लाने का प्रस्ताव
- जमा किए जाने वाले फॉर्म की संख्या घटाने का प्रस्ताव
- आयकर गणना करने आसान प्रक्रिया लाई जाएगी

# चुनावी डेटा के नए नियमों को लेकर SC ने सरकार और आयोग से मांगा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को इलेक्शन कंडक्ट रूल्स, 1961 में किए गए बदलावों को लेकर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि हाल में इन नियमों के कुछ बदलाव किए गए थे जिनके तहत लोगों को इलेक्शन रिकॉर्ड से जुड़ी जानकारियां लेने पर कई प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। हाल ही में किए गए संशोधन के तहत सीसीटीवी फुटेज, वेबकास्टिंग रिकॉर्डिंग और उम्मीदवारों के वीडियो फुटेज सहित इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की प्रतिबद्धता खत्म कर दी गई है। बता दें कि कोर्ट में आरटीआई कार्यकर्ता अंजलि भारद्वाज द्वारा दायर की गई याचिका पर सुनवाई चल रही थी। इस याचिका के जरिए चुनाव आयोग को लोकसभा चुनाव 2024 से संबंधित दस्तावेजों को सार्वजनिक करने की मांग की गई है। भारद्वाज की याचिका में इस बात पर जोर डाला गया है कि चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93 (2) (ए) में किया गया संशोधन मतदाताओं के सूचना के मौलिक अधिकार पर अंकुश लगाता है।

### इलेक्शन कंडक्ट नियमों में बदलाव



इससे पहले केंद्र ने चुनाव आयोग की सिफारिशों के आधार पर इलेक्शन कंडक्ट नियमों में बदलाव किए थे। केंद्र सरकार ने कथित तौर पर इलेक्ट्रॉनिक रिकॉर्ड के दुरुपयोग को रोकने के कथित उद्देश्य से कुछ इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेजों तक सार्वजनिक पहुंच को सीमित कर दिया है। इस मामले की सुनवाई 17 मार्च से शुरू होने होगी जहां चीफ जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस संजय कुमार की पीठ इस मामले पर सुनवाई करेगी। कोर्ट इस दौरान कांग्रेस नेता जयराम रमेश द्वारा दायर की गई एक समान याचिका पर भी सुनवाई करेगी।